


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 186 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 20 अप्रैल 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने से सूरत कोर्ट का इनकार सेशन कोर्ट ने खारिज की याचिका

**सूरत ( एजेंसी )।** मोदी सरनेम को लेकर बयान को लेकर दर्ज मानहानि के मामले में 23 मार्च 2023 को सूरत की निचली अदालत ने राहुल को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी। राहुल ने कोर्ट के इस फैसले को सूरत के सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी। अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को गुजरात के सूरत की सेशन कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने राहुल की उस अर्जी को खारिज कर दिया। कांग्रेस सेशन कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट का रुख करेगी।

दरअसल राहुल गांधी ने 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक में एक रैली के दौरान 'मोदी सरनेम' को लेकर बयान दिया था। इस बयान को लेकर बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल के खिलाफमानहानि का मामला दर्ज कराया था। चार साल बाद 23 मार्च को सूरत की निचली अदालत ने राहुल को दोषी करार देते हुए 2 साल की सजा सुनाई थी। राहुल गांधी को सजा मिलते ही उनकी सांसदी छिन गई और दिल्ली में सरकारी बंगले से भी हाथा धोना पड़ा। अब इस मामले में सूरत सेशन कोर्ट ने भी राहुल गांधी को झटका देते हुए सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है।

मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना

# अब गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों को भी मिलेगा लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के गैर-अनुसूचित क्षेत्रों के लिए 'मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ी पर्व सम्मान निधि योजना' की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने पहली किश्त के रूप में गुरुवार को योजना के अंतर्गत आने वाली सभी 6 हजार 111 ग्राम पंचायतों को 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 03 करोड़ 05 लाख 55 हजार रुपए की राशि जारी की। मुख्यमंत्री बघेल ने इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री आदिवासी परव सम्मान निधि के अंतर्गत अनुसूचित क्षेत्र के 14 जिलों की 03 हजार 793 ग्राम पंचायतों को आज 05-05 हजार रुपए के मान से कुल 01 करोड़ 89 लाख 65 हजार रुपए की राशि जारी की।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री बघेल ने 13 अप्रैल को बस्तर में आयोजित भरोसा सम्मेलन में 'मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना' का शुभारंभ करते हुए बस्तर संभाग की 1840 ग्राम पंचायतों को योजना की पहली किश्त के रूप में 5-5 हजार रुपए के मान से अनुदान राशि जारी की थी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में यहां की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का काम अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में तीजा, हरेली, भक्तिन महतारी कर्मा जयंती, मां शाकंभरी जयंती (छेरछेरा), छठ और विश्व आदिवासी दिवस जैसे पर्वो पर सार्वजनिक अवकाश दिया जा रहा है।




राज्य शासन की यह भावना है कि तीज-त्यौहारों के माध्यम से नयी पीढ़ी अपने पारंपरिक मूल्यों से संस्कारित हो और अपनी संस्कृति पर गौरव का अनुभव करे। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव, युवा महोत्सव, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, बासी ङ्क तिहार जैसे आयोजनों के पीछे भी हमारा यही उद्देश्य है । लोक-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से ही देवगुड़ियाँ और घोटुलों के विकास का काम भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, अनुसूचित जाति विभाग के सचिव डीडी सिंह भी उपस्थित थे । आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह और वन मंत्री मोहम्मद अकबर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े थे ।

# शादी समारोह में सिरफिरे ने किया एसिड अटैक, दूल्हा दुल्हन सहित 10 झुलसे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में एसिड अटैक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक शादी समारोह में सिरफिरे ने एसिड से हमला कर दिया है। एसिड अटैक से दूल्हा-दुल्हन सहित कुल 10 लोग झुलस गए हैं। झुलसने वाले सभी को जगदलपुर के महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना के मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है लेकिन पुलिस को यह पता नहीं चल पाया है कि एसिड अटैक किसने किया और क्यों किया।

मिली जानकारी के अनुसार एसिड अटैक की यह घटना जिले के भानपुरी थाना क्षेत्र का है। बुधवार को यहां के सुधापाल गांव के रहने वाले डमरू बघेल की शादी सुनीता कश्यप के साथ हो रही थी। हर तरफ खुशी का माहौल था। इस बीच देर शाम अचानक बिजली गुल हो गई और समारोह स्थल पर अंधेरा छा गया। इस बीच किसी ने दूल्हा-दुल्हन व आसपास के लोगों पर एसिड फेंक दिया और फरार हो गया।

एसिड अटैक से दूल्हा डमरु बघेल (23), व दुल्हन सुनीता सुनीता कश्यप (19) के साथ संपत बघेल (32), छह साल का टेमेश्वर मौर्य, तुला कश्यप (19), चार साल की जामनी कश्यप, गूंजी ठाकुर (25) कारी बाई कश्यप (29), गुनमनी कश्यप (29), मालती कश्यप (38), मिटकी कश्यप (38), गोयनदा कश्यप (38) घायल हुए हैं।

### अटैक करने वाला अज्ञात, तलाश जारी

अचानक हुए हमले से यहां पर हड़कंप मच गया। चारों ओर चीख पुकार मच गई। कुछ देर पहले जहां सभी खुश थे वहां अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसिड अटैक करने वाला अज्ञात है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इधर सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराय गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल ने बताया कि, घटना की जानकारी मिली है। एसिड अटैक करने वाले की तलाश की जा रही है। उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि लाइट जाने के दौरान वारदात हुई है।

## स्टडीः लू से देश का 90 प्रतिशत हिस्सा तो पूरी दिल्ली डेंजर जोन में, 50 साल में 17 हजार से ज्यादा मौतें



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** जलवायु परिवर्तन के कारण भारत में लगातार लू खतरनाक होती जा रही है। देश का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा और पूरी दिल्ली लू के प्रभावों के 'खतरे के क्षेत्र' में है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। बता दें, यह अध्ययन कैंब्रिज विश्वविद्यालय में रमित देबनाथ और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया है। अध्ययन में कहा गया है कि 'लू' ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में भारत की प्रगति को पहले की तुलना में ज्यादा बाधित किया है।

### लू की 700 से ज्यादा घटनाएं

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन द्वारा वैज्ञानिक कमलजीत रे, एसएस रे, आरके गिरि और एपी डिमरी के साथ लिखे गए एक पेपर से पता चलता है कि लू ने भारत में 50 वर्षों में 17 हजार से अधिक लोगों की जान ले ली है। यह पेपर साल 2021 में प्रकाशित हुआ था। इसमें बताया गया कि 1971-2019 तक देश में लू की 706 घटनाएं हुई हैं।

### 13 लोगों की मौत

गौरतलब है, रविवार को नवी मुंबई में महाराष्ट्र सरकार के एक पुरस्कार समारोह में लू की वजह से 13 लोगों की मौत हो गई थी। लू की यह घटना अबतक की सबसे बड़ी दर्दनाक घटनाओं में से एक है। वहीं, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने हाल ही में उत्तर-पश्चिम और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों को छोड़कर अप्रैल से जून तक देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की बात कही है।

### सबसे गर्म फरवरी इस साल का

1901 के बाद साल 2023 में सबसे गर्म फरवरी का अनुभव किया। हालांकि, मार्च में सामान्य से अधिक बारिश हुई, जिससे तापमान सामान्य रहा। साल 2022 का मार्च अबतक का सबसे गर्म और 121 वर्षों में तीसरा सबसे सूखा वर्ष था। एक रिपोर्ट की माने तो देश में करीब 75 प्रतिशत कर्मचारी यानी लगभग 38 करोड़ लोग गर्मी की वजह से तनाव में रहते हैं।

## बीजापुर में आइईडी विस्फोट से जवान घायल निष्क्रिय करते समय फटा बम, अस्पताल में भर्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर आईईडी ब्लास्ट में जवान घायल हो गया है। यहां के नेलसनार थाना क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन पर निकले जवानों ने आईईडी बरामद किया था। इसे निष्क्रिय करते समय यह फट गया और इसकी चपेट में आने से जवान घायल हो गया। जवान को प्राथमिक उपचार के बाद दंतेवाड़ा भेजा गया जहां से उसे रायपुर भेजने की तैयारी की जा रही है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने घटना की पुष्टि की है।



मिली जानकारी के अनुसार नेलसनार थाना क्षेत्र से लगे ग्राम बांगापाल की ओर जवानों की टुकरी एरिया डामिनेशन पर निकली थी। इस दौरान जवानों ने मार्ग में एक आइईडी बरामद किया। आईईडी को निष्क्रिय करने के दौरान नेलसनार कुडियम पारा निवासी आरक्षक सीताराम कुड़ियम (40) इसकी चपेट में आ गया। घायल आरक्षक को प्राथमिक उपचार के बाद दंतेवाड़ा भेजा गया। दंतेवाड़ा से अब उसे रायपुर भेजने की तैयारी की जा रही है। बता दें इससे पहले सोमवार को भी आइईडी विस्फोटक को नष्ट करते हुए डीआरजी जवान शंकर पारेट भी घायल हो गया था।

### कोरोना काल से बंद पड़ी चार मेमू फिर से पटरी पर


**भिलाई।** कोरोना संक्रमण के कारण रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया गया था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत भी कई गाड़ियां रद्द कर दी गई। इस दौरान एक्सप्रेस लेकर मेमू ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ। संक्रमण घटने के बाद रेलवे ने धीरे धीरे सभी ट्रेनों को फिर से शुरू कर दिया लेकिन कई ट्रेनें ऐसी भी रही जो अब तक पटरी पर दौडी नहीं। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चलने वाली चार मेमू ट्रेनों को भी लंबे समय से बंद रखा गया। यात्रियों की मांग को देखते हुए रेलवे द्वारा इन बंद पड़ी मेमू ट्रेनों को फिर से शुरू किया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मण्डल से चलने वाली 04 मेमू पैसेंजर स्पेशल गाड़ियो का परिचालन 24 अप्रैल, 2023 से पुनः प्रारम्भ किया जा रहा है ।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना : अलर्ट पर स्वास्थ्य विभाग बीते 24 घंटे के आंकड़े हैं डरावने, मिले 619 केस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** देश और दुनिया में बढ़ते कोरोना के मामलों के साथ ही छत्तीसगढ़ में भी डरावने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं। बीते 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ नए संक्रमितों की 600 से भी ज्यादा रही। इस बीच पॉजिटिविटी रेट भी बढ़ी। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के बाद अब जांच का दायरा बढ़ाया गया है जिसके कारण संक्रमण भी बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं यदि देशभर की बात की जाए तो 12591 नए केस सामने आए हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे 6606 सैंपलों की जांच की गई। इस दौरान 619 नए केस सामने आए हैं। प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 2776 पहुंच गई है। प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 9.37 फीसदी हो गई है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के 27 जिलों में संक्रमित मरीज मिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक संक्रमित की मौत हुई। जिसकी मौत हुई उसे अन्य दूसरी बीमारियां थी। नए संक्रमित मरीजों में सबसे ज्यादा 83 मरीज राजधानी रायपुर में मिले हैं।



इसके अलावा राजनांदगांव में 51, सरगुजा में 50, दुर्ग में 39, रायगढ़ में 37, बिलासपुर में 35, बलौदा बाजार में 34, धमतरी में 31, कांकेर में 27, बेमेतरा में 26, कवर्धा में 26, कोंडागांव में 23, कोरबा और कोरिया में 21-21 मरीज मिले हैं।वहीं सूरजपुर में 20, महासमुंद में 18, बालोद में 17 दंतेवाड़ा में 13, जांजगीर चांपा और जशपुर जिले में 8-8, बीजापुर और गरियाबंद में 6-6, नारायणपुर और बस्तर में 5-5, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और बलरामपुर में 4-4, सुकमा जिले में 2 नए संक्रमितों की पुष्टि हुई है।

### देश में बीते 24 घंटे में 12591 नए केस, 29 ने गंवाई जान

पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 12591 केस सामने आए हैं। इस दौरान 29 लोगों की मौत हुई है। वहीं, पॉजिटिविटी रेट भी 5त्न के ऊपर पहुंच गया है। इससे पहले बुधवार को कोरोना के 10542 नए मामले सामने आए हैं। जबकि इससे पहले मंगलवार को 7633 केस मिले थे। इसके साथ देशभर में एक्टिव केस बढ़कर 65,286 हो गए हैं। पिछले 24 घंटे में 10,827 मरीज ठीक हुए हैं। अब तक देश में 4,42,61,476 लोग ठीक हुए हैं। डेली पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 5.46त्न, जबकि वीकली पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 5.32त्न हो गया। 24 घंटे में वैक्सीन की 574 डोज लगी हैं। देश में सबसे ज्यादा केस केरल में सामने आए हैं। यहां 3117 केस मिले हैं। इसके अलावा दिल्ली में 1,767, हरियाणा में 1,102 और महाराष्ट्र में 1100 केस मिले।

## राजनांदगांव में पीएम के लिए भटक रहे शव

श्रीकंचनपथ




कभी-कभी नियम कानून भी जी का जंजाल बन जाते हैं. नियम कानून के चक्कर में पड़कर राजनांदगांव में शवों की मिट्टी खराब की जा रही है। मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल के बीच शवों का बंटवारा कर दिया गया है। यह बंटवारा मृतक के थाना क्षेत्र को आधार बनाकर किया गया है। यदि मृतक शहरी थाना क्षेत्र का है तो उसका शव परीक्षण (पोस्टमार्टम) मेडिकल कालेज में होगा। यदि मृतक ग्रामीण क्षेत्र का हुआ तो उसका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में होगा। मरीज की मौत मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में हो या जिला अस्पताल में, उसे रहवास के थाना क्षेत्र के हिसाब से पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाना है। नतीजा यह निकला है कि मृत्यु के बाद शवों को पीएम के लिए जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज अस्पताल के बीच चक्कर काटना पड़ रहा है। मृतक के परिजनों के लिए यह एक अनावश्यक परेशानी का सबब बन गया है। दरअसल, नियम कानून कुछ खास उद्देश्यों को लेकर बनाए जाते हैं। मसलन मोहला-सारंगढ़-खैरागढ़ को जिला घोषित कर दिया गया है। इससे यहां के स्वास्थ्य केन्द्र जिला अस्पताल बन गए हैं। पर इन जिला अस्पतालों का उन्नयन होना अभी बाकी है। लिहाजा मरीजों को रिफर करने के अलावा डाक्टरों के पास कोई चारा नहीं है। मुसीबत यह है कि मरीजों को जिला अस्पताल से जिला अस्पताल रिफर नहीं किया जा सकता। जिला अस्पतालों को समान सुविधाओं वाला अस्पताल माना जाता है। मरीज को बेहतर इलाज के लिए ही रिफर किया जा सकता है। राजनांदगांव का जिला अस्पताल सुविधाओं के लिहाज से मोहला-सारंगढ़-खैरागढ़ जिला अस्पताल से कहीं बेहतर स्थिति में है। पर रेफरल के नियमों के चलते मरीजों को अब यहां नहीं भेजा जा सकता। इसलिए मरीज मेडिकाल कालेज अस्पताल रिफर किये जा रहे हैं। वहां मृत्यु होने पर पोस्टमार्टम के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेजना पड़ रहा है। ऐसा भी नियमों के तहत ही किया जा रहा है। ऐसे में नियमों को शिथिल किये जाने का भी प्रावधान है। पर इसके लिए जिला अस्पताल को ही ठोस पहल करनी होगी। शासन का उद्देश्य लोगों के लिए सुविधाओं का निर्माण और विस्तार करना है। पर कुछ अफसर नियम कानून का हवाला देकर शासन की मंशा पर ही पानी फेरते रहते हैं। ऐसा पूरे देश में होता है। उन्हें समस्या का हल ढूंढने की दिशा में भी प्रयास करना चाहिए। स्थितियों को दर्शाते हुए अनुमति ही तो लेनी है। प्रत्येक अधिकारी को यह समझना होगा कि उन्हें दिए गए अधिकारों के साथ कुछ जिम्मेदारियां भी जुड़ी हुई होती हैं। जिला चिकित्सा अधिकारी का यह भी दायित्व है कि वह अपने जिले के मरीजों को होने वाली परेशानियां का हल ढूंढे। परेशानियों को हल करने की दिशा में प्रयास करे। नियम ही तो हैं, उन्हें बदला भी जा सकता है। कम से कम शिथिल तो किया ही जा सकता है। कागज तो चपरासी भी दिखा सकता है, इसके लिए अधिकारी की क्या जरूरत।



## संपादकीय

# आबादी में अव्वल

फिर एक रिपोर्ट ने बता दिया है कि आबादी के मामले में भारत अब चीन से आगे निकल गया है। संयुक्त राष्ट्र की 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट, 2023' आई है, जिसका शीर्षक एट बिलियन लाइव्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज : द केस फॉर राइट्स ऐंड चॉइस है। बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जनसंख्या 1 अरब, 42 करोड़, 86 लाख होने का अनुमान है, जबकि चीन की जनसंख्या 1 अरब, 42 करोड़, 57 लाख है। मतलब आबादी में भारत अब चीन से 29 लाख आगे निकल गया है। यह संकेत बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में इस बार जनगणना नहीं हुई है, पर जनसंख्या के इस अनुमान को किसी पक्ष ने ठोस चुनौती नहीं दी है। संयुक्त राष्ट्र ने 1950 से जनसंख्या के आंकड़े एकत्र करना शुरू किया था और उसके बाद भारत पहली बार दुनिया में आबादी के मामले में सबसे आगे निकल गया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के अनुसार, चीन की आबादी पिछले साल ही अपने चरम पर पहुंचकर गिरने लगी है। वहां गिरावट का क्रम आने वाले वर्षों में जारी रहेगा। गौर करने की बात है कि अभी भारत की जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ रही है, जबकि चीन की वृद्धि दर साल 1980 से घटती चली जा रही है। हालांकि, भारत अभी युवा बहुल देश है, जबकि चीन में बूढ़ों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वहां 20 करोड़ से ज्यादा लोगों की आयु 65 वर्ष से अधिक है, भारत में अभी इस वय के महज सात प्रतिशत लोग हैं। वैसे चीन में लोगों का जीवन भारत की तुलना में लंबा है। चीन में महिलाओं की जीवन प्रत्याशा 82 है, जबकि भारत में 74 है। चीन में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 76 वर्ष है, जबकि भारत में 71 है। यह बिल्कुल संभव है कि अपने यहां जीवन-स्तर को सुधारकर चीन ने अपनी आबादी को नियंत्रित किया है। आबादी पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का विकास सबसे जरूरी है और भारत को भी इस दिशा में अपने प्रयास तेज करने चाहिए। वैसे चीन में आबादी नियंत्रण का काम बहुत कड़ाई के साथ किया गया है, जबकि भारत में उदारता भी ज्यादा आबादी की एक बड़ी वजह है। चीन ने काफी पहले एक संतान की नीति को लागू कर दिया था, जबकि भारत अभी भी दो संतान की नीति को ही बढ़ा रहा है। लोकतंत्र में आबादी को कड़ाई से नियंत्रित करने में अपनी समस्याएं हैं, स्वत: स्फूर्त नियंत्रण की उम्मीद करना और जागरूकता के लिए पहल करते रहना भारत की मजबूरी है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि भारत में बढ़ती युवा आबादी अर्थव्यवस्था को मजबूत रखने का काम कर रही है और आगे करीब दस साल तक करेगी। अत: तेज विकास का लाभ उठाते हुए भारत को आबादी नियंत्रण के प्रयासों को तेज करना होगा, ताकि साल 2035 से भारत की आबादी में गिरावट शुरू हो जाए। अमृत काल इस मामले में भारत के लिए परीक्षा का समय है। आजादी की सौवीं वर्षगांठ के समय तक भारत अपनी आबादी को पूरी तरह से नियंत्रित कर ले, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। ज्यादा आबादी दुख की वजह नहीं है। समाज में बढ़ती असमानता और गरीबी ने मुश्किल में डाल रखा है। भारत जब सबसे ज्यादा आबादी वाला देश हो गया है, तब उसे बार-बार यह याद भी दिलाया जाएगा। मतलब, युद्ध स्तर पर आबादी को जल्द से जल्द स्थिर करने के अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं है।

"चीन ने काफी पहले एक संतान की नीति को लागू कर दिया था, जबकि भारत अभी भी दो संतान की नीति को ही बढ़ा रहा है। लोकतंत्र में आबादी को कड़ाई से नियंत्रित करने में अपनी समस्याएं हैं, स्वत: स्फूर्त नियंत्रण की उम्मीद करना और जागरूकता के लिए पहल करते रहना भारत की मजबूरी है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि भारत में बढ़ती युवा आबादी अर्थव्यवस्था को मजबूत रखने का काम कर रही है और आगे करीब दस साल तक करेगी।

## मुद्दा : जेल में भी जिंदगी से जद्दोजहद

एक तो जेल। उसके अंदर भी परेशानी। देश में ज्यादातर जेलों की हालत खराब है। कुछ तो बेहतर हालत में हैं, मगर अधिकांश जेलों में क्षमता से अधिक कैदी भरे हुए हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि भीड़-भाड़ वाले जेलों में कैदियों की हालत क्या होती होगी? किस तरह से उन्हें शौच-पेशाब, नहाना-खाना या सोने-बैठने में दिक्कत आती होगी। मीडिया के जरिए समय-समय पर जेलों की ऐसी व्यथा-कथा बाहर आती रहती है। मगर इसे लेकर न तो जेल प्रशासन और न ही सरकार के स्तर पर किसी प्रकार की गंभीरता देखी जाती है। सनद रहे कि सर्वोच्च अदालत तक चिंता जता चुकी है कि जेलों में क्षमता से अधिक कैदी रखना मानवाधिकार का उल्लंघन है।

विशेषज्ञों के मुताबिक खास तौर पर विचाराधीन कैदियों का लंबे समय तक जेलों में बने रहना चिंता का विषय है। 1970 में राष्ट्रीय जेल जनगणना से पता चला था कि जेल के 52 फीसद कैदी मुकदमे की प्रतीक्षा कर रहे थे। तब से धीरे-धीरे यह सिलसिला आगे ही बढ़ रहा है। यानी जेल में भीड़-भाड़ को कम करना है तो विचाराधीन कैदियों की संख्या को काफी कम करना होगा। भले ही यह अदालतों के बिना संभव नहीं, परंतु इस दिशा में न्याय प्रणाली के तीनों अंगों को सामंजस्यपूर्ण ढंग से कार्य करना चाहिए।

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने लोक सभा में जानकारी दी है कि देश भर की जेलों में बंद 1400 से अधिक कैदी अपनी सजा काटने के बाद जुर्माने की राशि का भुगतान नहीं कर पाने की वजह से अभी भी जेलों में बंद हैं। इनकी रिहाई समय से हो जाती तो शायद जेलों का भार कम होता। गौरतलब है कि जेलों में कैदियों को क्षमता से ज्यादा रखने के मामले में देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है। यहां कैदियों की संख्या लगभग दोगुना है। दूसरे नंबर पर बिहार और तीसरे नंबर पर मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र की जेलें हैं। इन जेलों में कैदियों का बहुत बुरा हाल है। इसके अलावा क्षमता से अधिक कैदी रखने वाले राज्यों में असम, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल हैं। मतलब साफ है कि कैदियों को जेलों में रखने में असंतुलन बड़े राज्यों में ज्यादा है। अगर हम दिल्ली के तिहाड़ की एक जेल, नंबर-4 की बात करें तो वहां 740 की जगह 3700 से अधिक कैदी बंद हैं। यहां नहाने-धोने या टॉयलेट जाने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती है। कई बार आपसी लड़ाई-झगड़े के कारण जेल प्रशासन को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। उन पर नजर रखने में संघर्ष करना पड़ता है। दूसरी ओर कोरोना जैसी महामारी भी कई जेलों के लिए चिंता का सबब बन गई थी। एशिया की सबसे बड़ी जेल तिहाड़ में 80 प्रतिशत ऐसे कैदी हैं, जिन्हें अदालत से जमानत मिलने के बाद भी सलाखों के पीछे रहना पड़ रहा है। उनके पास जुर्माना के राशि चुकाने तक के पैसे नहीं। इस प्रकार दिल्ली में कुल 16 जेल हैं, जो करीब-करीब क्षमता से अधिक कैदियों से भरे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्डस ब्यूरो यानी एनसीआरबी के मुताबिक देश में कुल 1412 जेलों में अपने निर्धारित क्षमता से अधिक कैदी बंद हैं। इसमें साल-दर-साल बढ़ोतरी ही होती जा रही है, जबकि जेलों की संख्या में मामूली वृद्धि हुई है। सर्वोच्च अदालत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एनवी रामना के मुताबिक आज आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रक्रिया ही सजा बन गई है। इस वजह से भी जेलों में कैदियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसलिए अंधाधुंध गिरफ्तारी से लेकर जमानत हासिल करने में आ रही मुश्किलों के कारण विचाराधीन कैदियों को लंबे समय तक कैद में रखने की प्रक्रिया पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। अंडर ट्रायल के तौर पर कैदियों को सालों से बंद रखना उचित नहीं है।

**"भारत का जहाज-निर्माण भी वैश्विक स्तर से काफी नीचे है। यह स्थिति तब है, जब भारत में एशिया का पहला जहाज निर्माण यार्ड- हिन्दुस्तान शिपयार्ड था। आज चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देश जहाज-निर्माण में वैश्विक नेता बन गए हैं, लेकिन हमने ऐसा कोई प्रयास संजीदगी से नहीं किया। भारत अपने खतरों को हिमालय की नजर से देखता है, और समुद्री चुनौतियों की अनदेखी करता है।**

# हिंद महासागर में घुसपैठ करता ड्रैगन

सी उदय भास्कर, निदेशक, सोसाइटी ऑफ पॉलिसी स्टडीज



हिंद महासागर की गहराई में स्थित 19 समुद्र तलों के मंदारिन नाम जारी करने के बाद चीन के जहाज महासागर के मध्य में अनुसंधान व सर्वेक्षण का काम कर रहे हैं, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि वे हिंद-प्रशांत में पनडुब्बियों की आवाजाही को लेकर नक्शा तैयार कर रहा है। इसका अर्थ है कि हिंद महासागर के प्रमुख दावेदार के रूप में चीन अपना दावा ठोक रहा है। उसकी समुद्री रणनीति पर यदि हम गौर करें, तो इसके कयास लगाए भी जा रहे थे।

जाहिर है, वह जल्द से जल्द हिंद महासागर में अपनी स्थायी मौजूदगी चाहता है, जिसका विस्तार जिबूती से कोको द्वीप समूह तक हो सकता है। उसकी इस मंशा का पता तभी चल गया था, जब 2008-09 के अंत में उसने 'एंटी-पायरेसी' गश्त शुरू कर दी थी। अगर यह संभव हो गया, तो भारत को बड़ा नुकसान हो सकता है। अव्वल तो यहां अपनी मजबूत स्थिति से हमें समझौता करना पड़ेगा, और फिर एक ऐसे देश के साथ हमें समुद्री क्षेत्र साझा करना होगा, जो हमारे लिए प्रतिकूल भी है और प्रादेशिक विवादों को न्योतने वाला भी। ऐसे में, कई और गलवान हमें परेशान कर सकते हैं।

हिंद महासागर में चीन की गतिविधियों के हमारी सुरक्षा और सामरिक हितों के संदर्भ में कई गहरे निहितार्थ हैं। आशंका है कि चीन हमारे समुद्री ढांचे पर निगरानी तेज कर देगा, विशेष रूप से नौसेना के ठिकानों पर उसकी नजर बनी रहेगी। अगर कोको द्वीप समूह पर चीन के साजो-सामान बढ़ते हैं, तो अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक उसकी जद में आ जाएंगे। इन सबसे पहले उसने अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों का नामकरण करके यह बताने की कोशिश की थी कि भारतीय हिस्सों पर उसका दावा अब भी कायम है। गलवान, 2020 की घटना के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अरुणाचल प्रदेश का मसला भी, जिसको लेकर द्विपक्षीय सहमति बनती हुई लग रही थी, अचानक से खबरों में आ गया है, जो साफ बता रहा है कि हमें कहीं अधिक प्रभावकारी जमीनी उपाय करने होंगे।

आखिर हमारी रणनीति क्या होनी चाहिए? हमें ऐसी समुद्री रणनीति बनानी चाहिए, जो सिर्फ नौसेना-केंद्रित न हो, बल्कि समावेशी हो। इसके अलावा जरूरी यह भी है कि महासागर में जरूरी ढांचे के निर्माण के लिए पर्याप्त आर्थिक मदद दी जाए। यह समझना होगा कि किसी भी राष्ट्र की समुद्री क्षमता केवल नौसेना और तटरक्षक बल तक सीमित नहीं होती। समुद्री वाणिज्यिक जहाज, बंदरगाह और हॉर्बर, मछली पालन, नीली अर्थव्यवस्था के साझेदार, तटीय इलाकों में संपर्क जैसे तमाम तत्वों को भी उसमें शामिल करना पड़ता है और उनकी सहभागिता लगातार बढ़ानी पड़ती है। क्या चिंताजनक नहीं है कि दुनिया के शीर्ष 20 बंदरगाहों में भारत के हाथ खाली हैं? बड़े-बड़े मालवाहक जहाज श्रीलंका जाते हैं, जहां माल उतारकर उसे भारत भेजा जाता है। भारत ने गहरे समुद्र में मछली पकड़ने को लेकर भी पर्याप्त निवेश नहीं किया, जिससे बड़े पैमाने पर विदेशी जहाज अवैध रूप से मछली मार रहे हैं।

भारत का जहाज-निर्माण भी वैश्विक स्तर से काफी नीचे है। यह स्थिति तब है, जब भारत में एशिया का पहला जहाज निर्माण यार्ड- हिन्दुस्तान शिपयार्ड था। आज चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देश जहाज-निर्माण में वैश्विक नेता बन गए हैं, लेकिन हमने ऐसा कोई प्रयास संजीदगी से नहीं किया। भारत अपने खतरों को हिमालय की नजर से देखता है, और समुद्री चुनौतियों की अनदेखी करता है। दिक्कत यह भी है कि हमारे राजनीतिक नेतृत्व का ज्यादातर ध्यान चुनावों पर होता है और उनकी नजर में पाकिस्तान कहीं बड़ा खतरा है। फिर भी, उम्मीद यही है कि हिंद महासागर की इस चुनौती पर हमारा सत्ता-प्रतिष्ठान उचित गौर करेगा।

हमें वैश्विक मंचों पर भी चीन को घेरना होगा। बीजिंग जिस तरह की विस्तारवादी नीतियों को आगे बढ़ाता है, वह तमाम देशों के लिए चिंता का सबब है। अच्छी बात है कि बीजिंग का विरोध करने वाले समान सोच के कई राष्ट्र एक समूह बनाने के लिए आपस में बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, सच यह भी है कि कोई भी देश चीन के साथ अपने आर्थिक रिश्तों की कीमत पर आगे नहीं बढ़ना चाहेगा, और यही इस पूरे मसले की सबसे बड़ी विसंगति है, जिससे हमें जूझना होगा। हर देश अपने हितों को सर्वोपरि रखना चाहेगा। हालांकि, भारत क्वाड समूह का भी हिस्सा है। लिहाजा यह देखना दिलचस्प होगा कि यह गुट किस तरह से समुद्री क्षेत्र में चीन से निपट सकेगा?


क्या इसके बरअक्स, हम तिब्बत जैसे पुराने मसलों पर चर्चा शुरू कर सकते हैं? निस्संदेह, भारत को भी बातचीत का रास्ता बंद नहीं करना चाहिए। बीजिंग से वार्ता लगातार होनी ही चाहिए, भले इसके ठोस परिणाम न निकल पाएं। मगर दलाई लामा के बाद तिब्बत को लेकर एक गेम प्लान भी हमें तैयार करना चाहिए। इसका हमें फायदा मिल सकता है। विदेश मंत्रालय को सक्रियता दिखाने की जरूरत है। चीन के बारे में भारत को एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। साथ ही, ऐसी रणनीति भी बनानी चाहिए कि देश के बुनियादी हितों की रक्षा करने में वे समर्थ हों। देश के पहले राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा समन्वयक के रूप में सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल जी अशोक कुमार की नियुक्ति सुखद है, पर इसका असर देखना शेष है।

भारत की विविधता और यहां के लोकतंत्र को लेकर चीन की अपनी चिंताएं हैं। देखा जाए, तो शुरुआत से ही वह इसको लेकर परेशान रहा है। हालांकि, उसके लिए तनाव दक्षिण चीन सागर में भी बढ़ रहा है, जहां अंतरराष्ट्रीय जल-क्षेत्र में नौ-परिवहन की स्वतंत्रता संबंधी अधिकारों को लेकर विवाद है। दिलचस्प है कि चीन ने यह दावा कृत्रिम द्वीपों के आधार पर किया है, जिसे अमेरिका स्वीकार नहीं कर रहा। उसने उन इलाकों में अपने जहाज भी भेजे हैं। आसियान के कई राष्ट्र और क्वाड के सदस्य देश भी 'नाइन डैश लाइन' को लेकर चीन के दावे को खारिज करते हैं, लेकिन मौजूदा वक्त में बीजिंग को नाराज करने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। ऐसे में, जापान के हिरोशिमा में प्रस्तावित जी-7 के शिखर सम्मलेन में कुछ बात बन सकती है, जिसमें आठ अन्य नेताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशेष तौर पर आमंत्रित किए गए हैं। मुमकिन है, कि इसमें चीन की नीतियों से प्रत्यक्ष तौर पर प्रभावित देश इस बात पर आम राय बना सकें कि आखिर बीजिंग से किस तरह से निपटा जाए?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नगा समस्या के स्थायी हल से पहले बार-बार गतिरोध

शशिधर खान, वरिष्ठ पत्रकार



स्टेशन पर नाम लिखा है डिमापुर। उस रेलवे स्टेशन के वेटिंग हॉल में डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस पकड़ने के लिए बैठा था। रात के दो बज रहे थे, ट्रेन के डिमापुर पहुंचने का यही समय है। गाड़ी के खुलते ही एनएससीएन (नेशनल सोशलिस्ट कौंसिल ऑफ नगालैंड- आइसाक मुइवा) नेताओं से केंद्र सरकार की वार्ता की सूचना मिलती है। पांच महीने के अंतराल के बाद डिमापुर में ही आयोजित वार्ता के बारे में जानने की उत्सुकता होती है। डिमापुर पुलिस परिसर में 12 अप्रैल को आयोजित इस वार्ता में शामिल होने एनएससीएन सुप्रीमो टी मुइवा अपने गुट के 20 सदस्यों के साथ पहुंचे थे। केंद्र की ओर से वार्ताकार पूर्व खुफिया अधिकारी अक्षय कुमार मिश्र ने नगा नेताओं से अंतिम समझौते के प्रारूपों पर विमर्श किया, पर इस वार्ता का सार भी गतिरोध ही निकला।

हालांकि, इस बार काफी दिनों बाद एक एनएससीएन नेता रेजिंग तान्खुल ने मुंह खोला, 'दो घंटे चली सार्थक बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि 'फ्रेमवर्क एग्रीमेंट' के आधार पर अंतिम हल निकाला जाए'। एनएससीएन (आईएम) प्रतिनिधिमंडल से मिलने के बाद केंद्र के वार्ताकार अक्षय मिश्र ने सात नगा गुटों के मंच एनएनपीजी (नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप) के नेताओं से भी डिमापुर में मुलाकात की। इन गुटों से केंद्र का अलग समझौता है और उनसे भी अलग शांति वार्ता अक्षय मिश्र चला रहे हैं। 'फ्रेमवर्क एग्रीमेंट' 3 अगस्त, 2015 का है, जो केंद्र सरकार ने दिल्ली में सिर्फ एनएससीएन (मुइवा गुट) के साथ किया हुआ है। उस समय से जारी शांति वार्ता गतिरोध पर अटकी है। नगा नेता वार्ता के बाद चुपचाप निकल जाते हैं। फिर उनका डिमापुर मुख्यालय से बयान आता है, जिसमें नगा गुट अपनी 'विशिष्ट पहचान व संस्कृति' की दुहाई देते हुए 'अलग झंडा और अलग संविधान' का अड़ियल रवैया छोड़ने को तैयार नहीं दिखता।

7 अप्रैल, 2023 को यह खबर आई कि केंद्र सरकार ने तीन नगा विद्रोही गुटों से संघर्ष-विराम की अवधि एक साल के लिए बढ़ाई है। सबसे पुराने व शक्तिशाली एनएससीएन (मुइवा गुट) का डिमापुर के हेब्रन में मुख्यालय है और अन्य नगा गुटों के भी अड्डे डिमापुर में ही हैं। डिमापुर में ही नहीं, कोहिमा में भी बताया जाता है कि जहां जाना हो, जिससे मिलना हो या जो भी काम हो, शाम छह बजे से पहले कर लें। कारण, उसके बाद बाजार, दुकानें बंद हो जाएंगी, सड़कों पर सन्नाटा मिलेगा। नगालैंड से बाहर के लोग (गैर-नगा) बताते हैं कि यह आतंक नगा गुटों का है, जिनकी टैक्स वसूली शाम के बाद शुरू हो जाती है। बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश के 30-40 हजार लोग यहां रहकर रोजी कमा रहे हैं।

कोहिमा शहर से 22 किलोमीटर दूर खोनोमा गांव है। ग्रीन विलेज के नाम से मशहूर खोनोमा गांव नगा विद्रोह के जन्मदाता के पैतृक गांव के रूप में जाना जाता है। भारत की आजादी से पहले ही 1947 में अंगामी जापु फिजो ने अपने संगठन एनएनसी (नगा नेशनलिस्ट कौंसिल) के बैनर तले 'स्वतंत्र संप्रभु नगा राष्ट्र' की स्थापना का एलान कर दिया था। एक दर्जन नगा उग्रवादी गुटों से पटे नगालैंड को इस अशांति में झोंकने वाले फिजो के गांव की कहानी अन्य गांवों से अलग है। खोनोमा में शिक्षा विभाग में कार्यरत विजोले बताते हैं, इस गांव में कोई उग्रवादी गतिविधि नहीं है। खोनोमा गांव छात्र संघ का किसी नगा गुट से कोई ताल्लुक नहीं है।

नगालैंड में विकास में तेजी लाने के लिए बहुत कुछ किया जाना शेष है। फ्रंटियर नगालैंड राज्य की मांग पर वार्ता की स्थिति बन रही है। नगालैंड में दूसरी बार ऐसी सरकार बनी है, जिसमें भाजपा शामिल है। कुछ मांगें तो शायद आसानी से पूरी हो सकती हैं। नगालैंड बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अकितो झिमोमी बताते हैं, 'नगालैंड को राज्य का दर्जा मिले 60 वर्ष हो गए, पर अपना हाईकोर्ट न होना शर्म का विषय है। गुवाहाटी हाईकोर्ट की तीन बेंच नगालैंड, मिजोरम व अरुणाचल प्रदेश में अभी तक काम कर रही हैं, जबकि 2013 में मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय को अपने-अपने हाईकोर्ट मिल चुके हैं। शायद धीरे-धीरे मांगों को पूरा करते हुए ही स्थायी समाधान की ओर बढ़ना होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सूडान संकट से घिरे भारतीयों की फिक्र

पुष्परंजन

कन्नडा में हक्की का अर्थ होता है, 'पक्षी'। 'पिक्की' का मतलब है, 'पकड़ना'। हक्की-पिक्की जनजाति के लोग पशु-पक्षियों को पकड़ने, जड़ी-बूटियों, मसालों को बेचने के कामों में लगे रहते हैं। ये खुद को महाराणा प्रताप के वंशज मानते हैं। वे कहते हैं, 'जब मुगलों का सितम हुआ, तो हमारे पूर्वज दक्षिण की तरफ कूच कर गये।' 23 अन्य उपनामों के अलावा 'बागरी' भी बोलते हैं स्वयं को, जो राजस्थान, हरियाणा, पंजाब में राजपूत-जाटों से जुड़ी घुमक्कड़ प्रजाति है। पुडुचेरी और दक्षिण के चार सूबों में इनकी संख्या 29 हजार है। हक्की-पिक्की सबसे अधिक कर्नाटक में बसे, वहां उनकी आबादी 14 हज़ार के आसपास है। योशुवा प्रोजेक्ट वाले बताते हैं कि विदेश में हक्की-पिक्की की संख्या 30 हजार के करीब है। ये सूडान जड़ी-बूटियों व मसाले के कारोबार की वजह से जाने जाते रहे हैं। चूंकि कर्नाटक में चुनाव है, तो हक्की-पिक्की की चिंता ज्यादा हो चली है।

गुजरात में चुनाव होता, तो शायद सूडान के गृहयुद्ध में फंसे गुजरातियों की चिंता अधिक होती। लवचंद अमरचंद शाह पहले गुजराती थे, जो 1860 में व्यापार करने सूडान आये, और यहीं के होकर रह गये। उनकी देखा-देखी सबसे अधिक गुजराती ही इस उत्तर-पूर्वी अफ्रीकी देश में आये। लाल सागर के तट पर बसे सूडान के इर्दगिर्द मिस्र, इरीट्रिया, इथियोपिया, दक्षिणी सूडान, सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, चाड और लिबिया जैसे सात देश हैं। भारतीय मूल के कोई चार हज़ार लोग इस मुल्क में आबोदाना-आशियाना की वजह से हैं।

सूडान में इस समय गृहयुद्ध जैसी स्थिति है। सूडान पर राज कर रहे उमर अल-बशीर को सत्ता से हटाने के बाद 2021 में अंतरिम सरकार अस्तित्व में आई थी। तब सार्वभौम परिषद बनी, सेना व पैरामिल्ट्री फोर्स के लोग सत्ता चलाने लगे। आर्मी चीफ जनरल अब्देल फतह अल-बुरहान देश के राष्ट्रपति और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के लीडर जनरल मोहम्मद हमदान डगलो उपराष्ट्रपति बन गए। दिसंबर, 2022 के बाद से 'आरएसएफ' सत्ता पर पूर्ण नियंत्रण के प्रयास में है। 'आरएसएफ' का गठन 2013 में हुआ था। विश्लेषक, कुख्यात विद्रोही संगठन 'जंजावीद' को 'आरएसएफ' की बुनियाद मानते हैं। सेना के समानांतर 'आरएसएफ' जैसे मजबूत सुरक्षा बल का होना, सूडान की अस्थिरता की वजह माना जाता रहा है। सेना प्रमुख जनरल बुरहान ने कहा है कि सेना किसी निर्वाचित सरकार को ही सत्ता का पूर्ण हस्तांतरण करेगी।

दोनों पक्षों में घमासान जारी है। बुधवार शाम तक 300 से अधिक लोगों के मारे जाने की ख़बर है। सूडान में शांति कब आएगी, कहना कठिन है। मगर, कर्नाटक के 31 हक्की-पिक्की आदिवासियों का फंस जाना कन्नाडिगा अस्मिता और उनकी सुरक्षा का सवाल बन गया है। ये सभी हक्की-पिक्की जनजाति के लोग सूडानी शहर अल-फशेर में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी बेचने के लिए गए थे। इनमें से 19 लोग कर्नाटक के हुनसूर, 7 शिवामोगा, और 5 लोग चन्नागिरी के रहने वाले हैं। इन 31 वनवासियों में महिलाओं की संख्या सर्वाधिक है। प्रकाश से भी तेज गति से चल रही सूचनाओं के इस कालखंड में देश के विदेशमंत्री यह बयान दे रहे हैं कि सुरक्षा कारणों से हम उनके लोकेशंस नहीं बता सकते। इससे उलट, विभिन्न संचार माध्यमों के ज़रिये वहां फंसे भारतीय खुद अपना ठिकाना भेजकर मदद की गुहार लगा रहे हैं।

सूडान में फंसे भारतीयों में से एक, एस. प्रभु ने मंगलवार को दिल्ली से प्रकाशित अंग्रेज़ी अखबार के पत्रकार से फोन पर बात की थी। उसने बताया था कि हम पिछले 4-5 दिनों से किराए के मकान में फंसे हुए हैं। हमारे पास खाना ख़त्म हो चुका, पीने के लिए पानी तक नहीं है। यों, भारतीय दूतावास किस तरह की मदद कर रहा है, इसकी जानकारी लेने का हक सभी देशवासियों को है। खार्तुम स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को ट्वीट के जरिये एडवाइज़री जारी की, कि जो इंडियन जहां हैं, अपने घरों के अंदर ही रहें। जो राशन-पानी है, कुछ दिन उसी से काम चलायें। पड़ोसियों की मदद लें। भारतीय दूतावास ने एक कंट्रोल रूम बना रखा है, उससे नई दिल्ली को समय-समय पर अपडेट किया जा रहा है।

लेकिन क्या, यह सब काफी है? न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट है कि पचास लाख की आबादी वाला खार्तुम भोजन-पानी व बिजली के बग़ैर बेहाल है। यूएन की संस्थाओं ने चारेक दिन पहले राशन पहुंचाने से हाथ खड़े कर दिये थे। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर, कन्नाडिगा नागरिकों की सुरक्षा पर सवाल उठाने वाले कांग्रेस नेता सिद्धारमैया पर भड़के हुए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'सूडान में फंसे भारतीयों की स्थिति पर राजनीति करना बहुत ही गैर-जिम्मेदाराना है। मुझे नहीं लगता कि आपको इस तरह के बयान देकर किसी तरह का राजनीतिक फायदा होगा।' इस पर सिद्धारमैया ने कहा- 'आप विदेश मंत्री हैं, इसलिए मैंने आपसे मदद की अपील की। अगर आप मेरे बयानों पर स्तब्ध होने में ही व्यस्त हैं, तो मुझे बता दीजिए कि देश को लोगों को वापस लाने में हमारी मदद कौन कर सकता है?'

कर्नाटक चुनाव तक यह ट्वीट वार चलेगा। लेकिन सूडान में दूतावास व डिप्लोमेट भी सुरक्षित नहीं हैं, यही ज़मीनी सच है। आयरलैंड के डिप्लोमेट आयदान ओहारा खार्तुम में यूरोपीय संघ के दूत के रूप में तैनात हैं, उनके घर विद्रोही घुस आये, और बदतमीज़ी की। ईयू के राजदूत से गन प्वाइंट पर पैसा और सामान जितना समेटना था समेटा, और चलते बने। मगर, क्या हमारा दूतावास उतना ही सतर्क है, जितना कि अमेरिकी दूतावास वाले? आप स्वयं दार्फुर में अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी चेतावनियों से तुलना कर लीजिए। 5 अक्तूबर, 2022 को अमेरिकन इंबेसी ने 'लेबल फोर अलर्ट' जारी कर साफ कर दिया था कि हमारे नागरिक सूडान की यात्रा नहीं करें। अमेरिकी दूतावास की वेबसाइट पर 15 से 18 अप्रैल, 2023 के बीच चार अलर्ट हैं।

संकटग्रस्त सूडान में भारतीय समुदाय के लोग निशाने पर नहीं हैं, तो उसका कारण वो इतिहास है, जिसे वहां के लोकतंत्रकामी अब भी स्मरण करते हैं। 1900 से भारत-सूडान के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं। 1935 में महात्मा गांधी बरास्ते ब्रिटेन, पोर्ट सूडान उतरे थे। 1938 में पंडित नेहरू लंदन जाते समय पोर्ट सूडान उतर कर छोटेलाल सामजी विरानी के घर गये। उनकी मुलाकात 'सूडान ग्रेजुएट कांग्रेस' के लोगों से हुई, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से काफी प्रभावित थे। 1955 में बांगडूंग में पहला एफ्रो-एशियाई सम्मेलन हुआ, तब सूडान ब्रिटेन से आज़ाद नहीं हुआ था। उस सम्मेलन में समस्या ध्वज की थी। नेहरू ने अपना रूमाल निकाला, उस पर सूडान लिखा, और टेबल पर लहरा दिया। 1 जनवरी, 1956 को सूडान आज़ाद हुआ। सूडानी चुनाव आयोग की संरचना से लेकर पंचवर्षीय योजनाओं तक में भारत ने मदद की।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur, Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### कोटा गुढ़ियारी मार्गः संतोष अग्रवाल मार्ग के नाम से जाना जाएगा

**रायपुर।** कोटा गुढ़ियारी मार्ग अब श्री संतोष अग्रवाल मार्ग के नाम से जाना जाएगा। राजधानी के रायपुर पश्चिम विधानसभा में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल कोटा गुढ़ियारी मार्ग के नामकरण समारोह में शामिल हुए उन्होंने कोटा गुढ़ियारी मार्ग पर पूर्व महापौर श्री संतोष अग्रवाल के नाम पट्टिका का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री बघेल को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नामकरण समारोह में पूर्व महापौर श्री संतोष अग्रवाल की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रदांजलि दी। उन्होंने कहा कि श्री अग्रवाल सरल व्यक्ति थे। उनका व्यक्तित्व इस प्रकार था कि कोई भी उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। उन्होंने रायपुर नगर के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस मौके पर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, विधायक सत्यनारायण शर्मा, अमितेश शुक्ल, धनेन्द्र साहू, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, छत्तीसगढ़ राज्य योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा उपस्थित थे।

### सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण कार्य पटौद संकुल में शत प्रतिशत पूर्ण

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला के निर्देशानुसार कांकेर जिले में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य के लिए विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें लक्ष्य के अनुरूप पटौद संकुल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटौद, अंजनी और बेवरती में सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराया गया। सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण में अनुविभागीय अधिकारी कांकेर धनंजय नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अश्वनी यादव तथा तकनिकी सहायक विनित सोरी, जनपद पंचायत कांकेर महेन्द्र डड़सेना मार्गदर्शन में राज्य शासन के निर्देशानुसार घर-घर जाकर सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कराया गया है। परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड, राशन कार्ड के साथ किसानो का पंजीयन नम्बर, कितनी कृषि व आवासीय भूमि के साथ-साथ राज्य शासन से मिलने वाली योजनाओं के लाभ की जानकारी घर-घर जाकर आनलाईन तथा आफलाइन करनी थी, जिसमें शिक्षकों को प्रगंणक व संकुल समन्वयको को सुपरवाईजर का दायित्व दिया गया था, धर्मेद साहु के द्वारा लक्ष्य को समय सीमा में पूरा किया गया।

### रीपा के बेहतर संचालन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**रायपुर।** जिला पंचायत रायपुर के सभाकक्ष में आज रायपुर संभाग अंतर्गत रीपा के बेहतर संचालन एवं प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।मुख्यमंत्री सलाहकार प्रदीप शर्मा द्वारा रीपा के गतिविधियों के चयन, हितग्राहियों को गतिविधियों से जोड़ने एवं पारंपरिक गतिविधियों में युवाओं को शामिल होने हेतु प्रोत्साहित किये जाने के लिए उचित मार्गदर्शन एवं सलाह दिया गया। प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के एसीईओ एच. के. जोशी, प्लॉनिंग कमीशन के सदस्यों, चिप्स के अधिकारियों द्वारा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिलों से आये तकनीकी सहायता एजेंसियों के सदस्यों एवं रीपा मैनेजरों को बिजनेस डेव्लपमेंट प्लॉन बनाने व रीपा की तकनीकी जानकारी के संबंध में सफ्लता पूर्वक कार्यशाला का आयोजन संपन्न किया गया ।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की महत्वपूर्ण घोषणाः

# रायपुरा स्कूल का स्वामी आत्मानंद विद्यालय के रूप में होगा उन्नयन, सीवरेज की व्यवस्था होगी दुरुस्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अवसर पर पश्चिम विधानसभा में गुढ़ियारी स्थित सीएसईबी ग्राउंड में आमजनों से चर्चा कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पश्चिम विधानसभा में बीएसयूपी कालोनियों में सीवरेज, पेयजल, मरम्मत कार्य आदि की सुविधाओं के साथ ही रायपुरा स्थित पंडित गिरिजाशंकर मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उन्नयन की घोषणा की। इस मौके पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, संसदीय सचिव एवं रायपुर पश्चिम विधानसभा विधायक विकास उपाध्याय, रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारीगण उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 121 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया। लोकार्पित होने वाले कार्यों में 118 करोड़ रुपए के कार्यों के साथ ही 3 करोड़ रुपए के भूमिपूजन कार्यों की सौगात भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नागरिकों से योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की और हितग्राहियों से पूछा कि उन्हें योजनाओं का लाभ किस तरह से मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने इसकी शुरूआत राशन कार्ड से की। राजेश्वरी साहू ने बताया कि उनका राशन कार्ड तो बना है लेकिन बीपीएल का राशन कार्ड नहीं बना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखा है कि जनगणना और सर्वे जल्द कराएं ताकि सभी पात्र लोगों को लाभ दिया जा सके। तेलगु पारा की यशोदा साहू ने बताया कि चावल तो नि:शुल्क मिलता है। शक्कर भी सस्ता है लेकिन रसोई गैस महंगा होने की वजह से चूल्हे से खाना बनाती हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि रसोई गैस की कीमतों का निर्धारण राज्य सरकार के स्तर पर नहीं होता।

सैजेस से हर साल बच रहे 50 हजार रुपए- मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं से भी बातचीत की। मोहबा बाजार स्थित सैजेस स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र अथर्व शर्मा ने कहा कि उनके अभिभावक प्राइवेट स्कूल में 50 हजार रुपए तक फीस देते थे। अब यहां नि:शुल्क पढ़ाई हो रही है और पढ़ाई की व्यवस्था भी बहुत अच्छी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। भुवन लाल यादव ने बताया कि उनके तीन बच्चे आत्मानंद स्कूल में पढ़ रहे हैं। उनका जाति प्रमाणपत्र भी बन गया है। एक छात्रा सुहाना पांडे ने मुख्यमंत्री से अपनी जिज्ञासा प्रगट की। सुहाना ने पूछा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल जैसी इतनी अच्छी योजना का विचार कैसे मन में आया।

18 हजार की दवा अब केवल 5 हजार में- निलय गुप्ता ने बताया कि पहले मुझे हर महीने 18 हजार रुपए की दवा लेनी पड़ती थी। जब से धन्वंतरी योजना के अंतर्गत जेनरिक दवा लेनी शुरू की। दवा केवल 5 हजार रुपए में ही मिल जाती है। मोबाइल मेडिकल यूनिट का लाभ लेने वाली हितग्राही दुर्गा यादव ने कहा कि हर पंद्रह दिन में मोबाइल मेडिकल यूनिट आती है। शुगर जांच कराती हूँ और दवा भी ले जाती हूँ। मोबाइल मेडिकल यूनिट की वजह से इलाज बहुत सुलभ हो गया है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की हितग्राही शारदा मरकाम ने बताया कि इस योजना से बच्चे को अंडा, केला और गरम भोजन मिल रहा है। इससे बच्चे का वजन बहुत अच्छा हो गया है।

थैलीसीमिया से पीड़ित बालक के बोन मैरो ट्रांसप्लांट का पूरा खर्च उठाएगी सरकार- रवि गोस्वामी ने बताया कि उनका आठ साल का बेटा थैलीसीमिया से पीड़ित है और इसमें बोन मैरो ट्रांसप्लांट होना है। इसमें 40 लाख का खर्च है। 18 लाख मिल गये हैं। यदि शेष राशि भी सरकार दे दे तो आसानी से यह काम हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चे के इलाज का पूरा खर्च शासन द्वारा वहन किया जाएगा।

आनलाइन अनुज्ञा से आसान हो गया काम- तुषार ठाकुर ने बताया कि भवन अनुज्ञा के लिए आनलाइन आवेदन किया था। तुरंत काम हो गया।

पहले इसके लिए बहुत घूमना पड़ता था। आवास नियमितिकरण योजना से लाभान्वित मोहित साहू ने बताया कि मैंने नियमितिकरण का फार्म भरा है और यह स्वीकृत हो गया है। नियमितिकरण की योजना लाकर आपकी सरकार ने बहुत अच्छा कार्य किया है। 90 हजार रुपए का गोबर बेच चुकी है बलजीत कौर- टाटीबंध निवासी बलजीत कौर ने बताया कि वे 90 हजार रुपए का गोबर बेच चुकी हैं। गोधन न्याय योजना के चलते उनका डेयरी व्यवसाय और समृद्ध हो गया है। उन्होने मुख्यमंत्री से गोबर का क्रय दर बढ़ाने के लिए आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए उन्हें कहा कि आप भी दूध का दाम कम कर दें, ग्राहकों को लाभ होगा। बरसों बाद मैं फुगड़ी खेली बहुत आनंद आया- मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के प्रतिभागियों से भी बातचीत की। केंदा सोनकर ने बताया कि वे गेड़ी दौड़ा, लंबी दौड़ में प्रथम आई हूँ। बरसों बाद फुगड़ी खेली। बहुत आनंद आया। अपने परंपरागत खेलों को आरंभ कर मुख्यमंत्री ने बहुत अच्छी पहल की है। एक स्कूली शिक्षिका ने बताया कि ओलंपिक खेलों के माध्यम से हमारा बचपन वापस आ गया। मुख्यमंत्री की घोषणाएं- रायपुर पश्चिम विधानसभा में बीएसयूपी कालोनियों में सीवरेज, पेयजल की व्यवस्था और मरम्मत के कार्य की घोषणा मुख्यमंत्री ने की। पंडित गिरिजाशंकर मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रायपुरा को स्वामी आत्मानंद स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा की। इसके साथ ही 2 नये श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर, 4 उपयुक्त स्थलों में हाई मास्ट लाइट, ठक्कर बापा वार्ड क्रमांक 17 में नवीन पानी टंकी का निर्माण, शशिबाला स्कूल के लिए नवीन स्कूल भवन का निर्माण, विधानसभा क्षेत्र में 5 नये आंगनबाड़ी केंद्र, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए कोटा स्टेडियम या अन्य किसी उपयुक्त स्थल का चयन कर लाइब्रेरी प्रारंभ करने की घोषणा की। कोटा में विद्युत शवदाह गृह स्थापना की घोषणा भी की।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की प्रमुख घोषणाएं

- रायपुर पश्चिम विधानसभा की बी. एस.यू.पी. कालोनियों में सीवरेज, पेयजल की व्यवस्था और मरम्मत का कार्य कराया जायेगा।
- पं. गिरिजाशंकर मिश्र. शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रायपुरा को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के रूप में उन्नयन किया जायेगा।
- पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 2 नये श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर खोले जायेंगे।
- विधानसभा क्षेत्र में 04 उपयुक्त स्थलों पर हाई मास्ट लाईट लगाये जायेंगे।
- ठक्कर बापा वार्ड क्र.17 में नवीन पानी टंकी का निर्माण कराया जायेगा।
- शशिबाला स्कूल के लिये नवीन भवन का निर्माण कराया जायेगा।
- विधानसभा क्षेत्र में 05 नये आंगनबाड़ी केंद्र खोले जायेंगे।
- महिलाओं और बुजुर्गो के लिये कोटा स्टेडियम या अन्य किसी उपयुक्त स्थल का चयन कर लाईब्रेरी प्रारंभ की जायेगी।
- कोटा में विद्युत शवदाह गृह स्थापना की घोषणा।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट कर अनेक घोषणाएं की

- नवा रायपुर में सेन महाराज के नाम पर चौक का नामकरण करने की घोषणा की।
- कुम्हार समाज के प्रदेश स्तरीय छात्रावास भवन के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की।
- गौड़ ब्राम्हण समाज गुढ़ियारी के सामाजिक भवन के ऊपरी तल निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा।
- क्षत्रिय समाज के भवन के लिए 20 लाख रुपए की घोषणा।
- छत्तीसगढ़ कसौंधन वैश्य समाज के सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा की।
- पवार क्षत्रिय समाज गुढ़ियारी के भवन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।
- गायत्री परिवार कोटा को भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की घोषणा।

## कांग्रेस के मोर्चा, प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सहसचिव विजय जांगिड़, ने कांग्रेस के विभागो, मोर्चा, प्रकोष्ठो के प्रदेश अध्यक्षों की बैठक लिया। बैठक में सभी विभागो, मोर्चा, प्रकोष्ठों, की कार्यकारणी गठन एवं कार्य प्रणाली तथा कार्य योजना की समीक्षा किया गया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि चुनाव नजदीक आ गये है सभी प्रकोष्ठों को संगठन और सरकार के कामों को जनता के बीच पहुंचाने के लिये अपने संगठन की कार्ययोजना बनाकर कार्य प्रारंभ कर देना चाहिये। दिये गये लक्ष्य को पूरा करने में कोताही नहीं होनी चाहिये।

प्रभारी सहसिचव विजय जांगिड़ ने कहा प्रकोष्ठों को एक क्षेत्र विशेष की जवाबदारी दी गयी है। आपको उस क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने के लिये काम करना है। सभी यह सुनिश्चित करें कि आप का संगठन सरकार और पार्टी की योजनाओं को जनता के बीच ले जाना है। बैठक में सांसद फूलोदेवी नेताम, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री सुमित्रा धृतलहरे, महामंत्री अरूण सिसोदिया, सलाम रिजवी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन अध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस रमना मूर्ति, योगेन्द्र नारंग, विधि विभाग कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. देवा देवांगन, दिनेश निर्मलकर, कुवंर जितेन्द्र नरसिंह राणा उपस्थित थे।

## रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 100वीं कड़ी का प्रसारण राजभवन में विशेष रूप से होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" की 100वीं कड़ी का प्रसारण पूरे देश के राजभवनों में विशेष रूप से किया जायेगा। छत्तीसगढ़ राजभवन में भी राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाएगा।



राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो ने इसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार करने एवं समन्वय के संबंध में आज यहां राजभवन में बैठक ली। बैठक में राज्यपाल के निज सचिव बी. एस. बेहरा, उपसचिव दीपक अग्रवाल, पत्र सूचना कार्यालय के उप संचालक सुनील तिवारी, दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के केंद्र निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि इस संबंध में राज्यस्तरीय समिति का गठन किया जाना है। इसके अलावा राजभवन में "मन की बात" के प्रसारण के लिए व्यापक व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा "मन की बात" के गत कार्यक्रमों के संबंध में एक विशेष फोटो प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## निर्वाचन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों का तैयार किया जायेगा ऑनलाइन डाटाबेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए सभी कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार किया जायेगा। इस संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों, सहायक कर्मचारी डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-03 को पीपीईएस सॉफ्टवेयर में कर्मचारियों का डाटाबेस तैयार करने के लिए पावर पाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तापूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी टी.आर. देवांगन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी नेहरू निराला एवं सहायक प्रोग्रामर गिरीश कुमार चन्द्राकर मौजूद थे।

प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवांगन ने बताया कि राज्य एवं केन्द्र शासन के अधीन सभी अधिकारी-कर्मचारियों की सम्पूर्ण जानकारी पीपीईएस सॉफ्टवेयर में एन्ट्री करना अनिवार्य है। साथ ही दो वर्ष पूर्व में जिन अधिकारी-कर्मचारियों की सेवा निवृत्ति हुई है, उनकी भी जानकारी सॉफ्टवेयर में 30 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है। इस दौरान प्रशिक्षण में अधिकारी एवं कर्मचारियों का एम्लाई कोड, सेवानिवृत्ति तिथि, अधिकारी-कर्मचारियों की फोटो, दिव्यांग कर्मचारियों के नि:शक्तता का प्रकार, बैंक खाता की जानकारी, सभी विभागों को यूजर आईडी एवं पासवर्ड सहित ऑनलाइन एन्ट्री के संबंध में की जानकारी दी गई।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

अतिशीघ्र आवश्यकता है
एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशनः- भिलाई दुर्ग चरोदा


BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school , Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# मिलेट प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिए निजी उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाएः मुख्य सचिव जैन

## वन, गृह एवं जेल विभाग के कार्यों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मिलेट के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए निजी उद्यमियों को प्रोसेसिंग प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। वे मंत्रालय महानदी में राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रम में गृह एवं जेल तथा वन विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा, पीसीसीएफडॉ. संजय शुक्ला, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू और वन, गृह एवं जेल विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ भी मौजूद थे।




मुख्य सचिव ने बैठक में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत किसानों और अन्य हितग्राहियों की निजी भूमि पर वृक्षारोपण करने व्यापक कार्ययोजना के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षों को लगाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि काष्ठ एवं प्लाइवुड आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण कार्य में सहयोगी संस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को ज्यादा-ज्यादा दोना पत्तल तैयार करने की इकाईयां लगाने के भी निर्देश दिए।

वन विभाग के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि मिलेट मिशन के अंतर्गत राज्य में वर्ष 2022 में 52 हजार 730 क्विंटल मिलेट अनाज समर्थन मूल्य पर क्रय किया गया है। वर्ष 2023 में 38 हजार 700 क्विंटल मिलेट समर्थन मूल्य पर क्रय किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023 में शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजना तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में मिलेट आधारित पोषण आहार और आदिम जाति कल्याण विभाग के आश्रम, शालाओं, छात्रावासों, जेल एवं पुलिस लाईन इत्यादि में मिलेट उत्पाद प्रदाय किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग, जगदलपुर, बिलासपुर, सरगुजा और रायपुर में राज्य स्तरीय सी-मार्ट बनाए गए है।

मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत राज्य में करीब 36 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण का कार्य किया गया है। इसमें करीब 2 करोड़ से अधिक पौध रोपण किया गया है। योजना के तहत 21 हजार 685 हितग्राहियों को शामिल किया जा चुका है। इस योजना से हितग्राहियों द्वारा उत्पादित सामग्री का क्रय किया जाएगा। जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी और काष्ठ प्लाइवुड उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार सृजन होगा। राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया जा रहा है। नदियों के किनारे भी पौधा रोपित किए जा रहे हैं।

मुख्य सचिव ने नरवा विकास कार्यों की समीक्षा में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022-23 में नरवा विकास के 1503 कार्य किए गए हैं, जिसमें 2 लाख 81 हजार 879 जल संग्रहण क्षेत्र लिया गया है। नरवा विकास के कार्यों से नाला जल प्रवाह एवं भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी हो रही है। कृष्ण कुंज योजना के तहत राज्य के चयनित नगरीय निकाय में पौधों का रोपण किया गया है। जिसमें करीब 60 हजार 463 से अधिक पौधे रोपित किए गए है। इन पौधों की लगातार देख-रेख की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में लघु वनोपज संसाधन के संग्रहण, प्रसंस्करण तथा उद्योग विकास हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। लघु वनोपज प्रसंस्करण इकाईयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्ष 2018-19 से अब तक 38 प्रकार के लघु वनोपजों की भारत शासन के समर्थन मूल्य पर, 29 प्रकार के लघु वनोपजों की राज्य के समर्थन मूल्य पर इस तरह कुल 67 लघु वनोपजों का संग्रहण किया जा रहा है। 70 से अधिक वन धन विकास केन्द्र द्वारा 140 से अधिक लघु वनोपज आधारित हर्बल उत्पाद का प्रसंस्करण तथा छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड से करीब 8 करोड़ से अधिक मूल्य के उत्पादों का प्रतिवर्ष विक्रय किया जा रहा है।

राज्य में 6 औषधी प्रसंस्करण इकाई स्थापित कर करीब 45 औषधियों को तैयार किया जा रहा है। जिसे आयुष विभाग को करीब 2 करोड़ की औषधियों की आपूर्ति की गई है। राज्य में आर्गेनिक सर्टिफाइड जंगली शहद संग्रहण में वृद्धि तथा प्रसंस्करण हेतु एक हजार क्विंटल क्षमता की कुल 4 प्रसंस्करण इकाईयां संचालित की जा रही है। बस्तर तथा अन्य क्षेत्र में काजू प्रसंस्करण करने हेतु 3 काजू प्रसंस्करण इकाईयां शुरू की गई है।

बैठक में वन राजस्व में वृद्धि, वृक्षारोपण, आवर्ती चराई योजना, वन अधिकार पट्टों पर ऋण वितरण आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। इसी प्रकार बैठक में चिटफंड पीड़ितों को राशि वापसी की प्रगति, महिलाओं और बच्चों पर होने वाले अपराधिक प्रकरणों में समय-सीमा में चलान पेश करना और महिला हेल्प लाईन, अपराध नियंत्रण और सायबर क्राइम के नियंत्रण के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में गृह विभाग के सचिव एस.बसवराजू, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ अनिल राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कैम्पा निवासराव सहित गृह एवं वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## खास खबर...

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 मई तक

**रायपुर।** शासकीय विभागों में तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी लेखा प्रशिक्षण के लिए 01 से 31 मई 2023 के बीच आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर में कार्यालयीन समय में जमा कराया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पूर्व एवं पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ पत्र अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा। आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2023 आयोजित किया जाएगा।

प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर से 19 अप्रैल 2023 से 31 मई 2023 के मध्य जारी पंजीकृत मानक आवेदन पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगें। पूर्व प्रचलित एवं छायाप्रति आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। पूर्व सत्र के अपात्र आवेदन पत्रों की सूची कार्यालय में चस्पा की गई है जिन्हें प्रवेश हेतु पुनः आवेदन करना आवश्यक होगा। कोष लेखा पेंशन संचालनालय के अनुसार केवल सचिवालय, वन विभाग के ऐसे स्टेनो जो कैम्प क्लर्क के रूप में कार्य करते हैं तथा कोष लेखा पेंशन के स्टेनोग्राफर को छोड़कर अन्य विभागों के स्टेनोग्राफर्स प्रवेश के पात्र नही है। आवेदन पत्र के साथ अन्य आवश्यक सुसंगत दस्तावेजों के अलावा कोविड टीकाकरण पूर्ण होने तथा बूस्टर डोज़ संबंधी प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा।

### छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणः लघु फिल्म प्रतियोगिता हेतु फिल्में आमंत्रित करने की तिथि 15 मई तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्कीम दिशा पर कानूनी जानकारी पर आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिता हेतु फिल्में आमंत्रित करने की पूर्व नियत तिथि को 15 मई तक के लिये बढ़ा दिया गया है।

इच्छुक शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी व्यक्ति, संगठन, संस्थान दिशा पर कानूनी जानकारी पर आधारित लघु फिल्में, जिसकी अवधि 10 से 12 मिनट की हो, हिन्दी भाषा में शार्ट फिल्म बनाकर जो अन्य कहीं भी प्रदर्शित, प्रचारित, प्रसारित न हो, और उसके सर्वोधिकार निर्माणकर्ता के पास सुरक्षित हों, वे पेन ड्राईव या सीडी/डीव्हीडी में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पुराना उच्च न्यायालय भवन, बिलासपुर में कार्यालयीन दिवस व समय पर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा संबंधित जिले के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला न्यायालय परिसर) में भी उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि दिशा स्कीम मुख्यतः मोबाईल एवं विडियो के माध्यम से आमजन को निःशुल्क कानूनी सलाह, सहयोग प्रदान करने का एक टेली लॉ एप्प है, जिमसें प्रत्येक जिले से एक वरिष्ठ अधिवक्ता जुड़े है, जो जरूरतमंद को आवश्यक विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करते हैं।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में मिले 880 दावा आपत्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम, 1995 के तहत् प्रदेश के 33 जिलों के अंतर्गत पंचायतों के कुल 638 पदों पर चुनाव कराने के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने समय सारणी तय की गई है। इसमें जहां 626 पंचायतों में उप निर्वाचन किया जाना है, वहीं 12 पंचायतों में आम निर्वाचन होगा। ध्यान रहे समय सारणी मुताबिक फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के संबंध दावे आपत्तियां 10 अप्रैल से 17 अप्रैल तक मंगाई गई। राज्य निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार पंचायतों के कुल 638 पदों में कुल 880 दावे तथा आपत्तियां प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें परिवर्धन के 318, संशोधन के 77 तथा निरसन के 485 आवेदन मिले हैं। गौरतलब है कि पंचायतों से मिले दावे आपत्तियों का निपटारा 22 अप्रैल तक किया जाना है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने गंभीरता से दावे आपत्तियों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बताया है कि जो निर्वाचक अपना नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करना चाहते हैं वे प्रारूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 27 अप्रैल तक दावा प्रस्तुत कर सकते हैं।



## गोधन न्याय योजना से 3 लाख 36 हजार ग्रामीण पशुपालक लाभान्वित

बीते एक साल में लाभान्वितों की संख्या 59 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

**रायपुर।** राज्य में गोधन न्याय योजना की लोकप्रियता और इससे ग्रामीणों का जुड़ाव तेजी से बढ़ता जा रहा है। गौठानों में इस योजना के तहत 2 रुपए किलो में गोबर की खरीदी से गांवों में रोजगार और आय का बेहतर अवसर सुलभ हुआ है। गोबर बेचने से हो रहे लाभ के चलते ग्रामीण अंचल में पशुपालन को बढ़ावा मिलने लगा है। पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक नया वातावरण तैयार हुआ है। गौठानों में गोबर खरीदी से वर्तमान में 3 लाख 36 हजार से अधिक ग्रामीण पशुपालक किसान सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। बीते एक साल में इस योजना के अंतर्गत लाभान्वित पशुपालक ग्रामीणों की संख्या 2.11 लाख से बढ़कर 3.36 लाख से अधिक हो गई है। लाभान्वितों की संख्या में यह वृद्धि 59 प्रतिशत है।

राज्य में सुराजी गांव योजना के गरूवा कार्यक्रम के अंतर्गत गोधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गांवों में गौठानों का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। राज्य में राज्य में अब तक 10,690गांवों में गौठानों के निर्माण की स्वीकृति दी गई है, जिसमें से 10,001 गौठान निर्मित एवं 551 गौठान निर्माणाधीन है। अभी 138 गौठानों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाना है। निर्मित गौठानों में छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप गौठान समितियों द्वारा पशुधन देख-रेख, उपचार एवं चारे-पानी का निःशुल्क प्रबंध है। गौरतलब है कि राज्य में गोधन न्याय योजना की शुरूआत 20 जुलाई 2020 हरेली पर्व से हुई थी। इस योजना के तहत गौठानों में 15 अप्रैल 2023 तक 112.34 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी की गई है, जिसके एवज में गोबर विक्रेता ग्रामीण पशुपालकों को 222.09 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। 20 अप्रैल को गोबर विक्रेताओं को 2.50 करोड़ रुपए का भुगतान आन लाइन उनके खाते में किया जाएगा।

## कूटरचित दस्तावेज कर राज्य शासन की छवि खराब करने की कोशिश की तो जाना पड़ेगा जेल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वर्तमान में सोशल मीडिया के माध्यम से सूचनाएं तेजी से एक जगह से दूसरी जगह तक फैलती हैं। हालांकि जल्दबाजी के चक्कर में अक्सर लोग इस बात की जानकारी लेना भूल जाते हैं कि ये सूचना सही है भी या नहीं। ऐसे ही एक मामले में गृह विभाग के अवर सचिव के नाम से कूचरचित दस्तावेज को सोशल मीडिया में वायरल किया गया है जो पूरी तरह से गलत है और भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत धारा 419 और 469 के दायरे में आता है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 419 में प्रतिरूपण द्वारा छल के लिए दण्ड का प्रावधान है। इस धारा के अनुसार जो कोई प्रतिरूपण द्वारा छल करेगा, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनों से, दण्डित किया जाएगा।

इसी तरह से भारतीय दंड संहिता की धारा 469 के अनुसार, जो कोई कूटरचना इस आशय से करेगा कि वह दस्तावेज या इलैक्ट्रानिक अभिलेख जिसकी कूटरचना की जाती है, किसी पक्षकार की ख्याति की अपहानि करेगी, या यह सम्भाव्य जानते हुए करेगा कि इस प्रयोजन से उसका उपयोग किया जाए, वह दोनों में से किसी भांति के कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दण्डित किया जाएगा और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा ।

गौरतलब है कि हाल ही में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गृह विभाग के अवर सचिव के नाम व पदनाम का उल्लेख कर एक कूटरचित दस्तावेज सोशल मिडिया मे वायरल कर छत्तीसगढ़ शासन एवं गृह विभाग की छबि धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जिसमें प्राप्त शिकायत के आधार पर राखी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ दण्डनीय अपराध पंजीबध्द किया गया है।

रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से सोशल मीडिया पर इस तरह से भ्रामक और कूचरचित संदेशों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। इसके साथ ही जानबूझकर ऐसा करने वालों के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

## वाणिज्यिक कर मंत्री टीएस सिंहदेव ने जीएसटी भवन का किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज


**रायपुर।** वाणिज्यिक कर मंत्री टीएस सिंहदेव ने बिलासपुर प्रवास के दौरान तिफरा में नवनिर्मित जीएसटी कार्यालय का निरीक्षण किया। श्री सिंहदेव ने कार्यालय के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनके कार्यों व गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्था और वहां उपलब्ध सुविधाओं की भी जानकारी ली। श्री सिंहदेव ने अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि सर्वसुविधायुक्त नया भवन बनने से यहां के स्टॉफ को अच्छा माहौल और सुविधाएं मिली हैं। इससे वे बेहतर ढंग से अपने कार्यों का संपादन कर पाएंगे। वाणिज्यिक कर विभाग के विशेष आयुक्त टी.एल. ध्रुव ने भ्रमण के दौरान वाणिज्यिक कर मंत्री सिंहदेव को जीएसटी कार्यालय के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

## 'आकार 2023' का आयोजन 1 से 19 मई तक

पारंपरिक शिल्प व विविध कलाओं पर किया जाएगा प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** संस्कृति विभाग द्वारा पारंपरिक शिल्प कलाओं पर आधारित प्रशिक्षण शिविर आकार 2023 का आयोजन 1 मई से 19 तक किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पारंपरिक शिल्प व विविध कलाओं के संरक्षण, प्रचार-प्रसार, जागरूकता तथा रूचि जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की शिल्प कलाओं पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है । प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दो पालियों में सुबह 07 से 10 बजे और सायं 04 से 07 बजे तक राजधानी रायपुर स्थित महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर में होगा।



इच्छुक प्रशिक्षु म्यूरल आर्ट, पेपरमेसी, क्ले आर्ट, काष्ठ, बांस शिल्प एवं मूर्तिकला, चित्रकला, मधुबनी आर्ट, पटचित्र, धान ज्वेलरी, ड्राइ फ्लावर, ग्लास पेंटिंग, गोदना आर्ट, पैरा आर्ट, टेराकोटा, गोदना, रजवार भित्ती, क्लासिकल नृत्य, नाटक, फोक डांस, जूट शिल्प, मेहंदी आर्ट, गोबर आर्ट, वारली आर्ट, पिछवाई आर्ट, सेंड आर्ट, मंडला आर्ट, मांदना आर्ट, गोड आर्ट, सीरा आर्ट, स्केच पेंटिंग, केनवाश पेंटिंग, बोनसाई आर्ट, वाद्ययंत्र प्रशिक्षण एवं मेकिंग विधाओं में प्रशिक्षण हेतु पंजीयन शुल्क 200 रूपये आकार कार्यालय में जमा कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। विकलांग एवं अनाथ आश्रम के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण शुल्क में छूट रहेगी। इस शिविर में वाद्ययंत्रों की प्रशिक्षण-प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# वजन कम करने के लिए फायदेमंद है आंवला, इन 4 तरीकों से करें सेवन



आंवला सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम, फ्लैवोनोइड्स और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। आंवले का सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। इसमें मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। आंवले में मौजूद गुण डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के खतरे को कम करने में बहुत प्रभावी होते हैं। इसके अलावा, वजन कम करने के लिए आंवले का सेवन बहुत लाभकारी माना जाता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर में मौजूद एक्स्ट्रा फैट तेजी से बर्न होता है। आंवले में एंटी-ओबेसिटी गुण होते हैं, जो वजन घटाने का काम करते हैं। इसके नियमित सेवन से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और शरीर में ऊर्जा की खपत बढ़ती है। अब सवाल यह उठता है कि वजन घटाने के लिए आंवला कैसे खाएं? तो चलिए, डायटीशियन अबरना मैथ्यूवनन से जानते हैं वजन कम करने के लिए खीरे का सेवन कैसे करें -

## आंवले का जूस

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो अपनी डाइट में आंवले का जूस शामिल कर सकते हैं। रोजाना सुबह खाली पेट आंवले का जूस पीने से शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाएंगे और वजन घटाने में मदद मिलेगी। आंवले का जूस बनाने के लिए आप 1-2 आंवला लें। इसे अच्छी तरह से धोकर काट लें और इनके बीज निकाल दें। अब इन्हें मिक्सी में डालकर इनका जूस तैयार कर लें। नियमित रूप से आंवले का जूस पीने से बैली फैट कम करने में भी मदद मिल सकती है।

## आंवला पाउडर

आप चाहें तो वजन कम करने के लिए आंवला पाउडर का इस्तेमाल भी कर सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच आंवला पाउडर को गुनगुने पानी के साथ लें। रोज सुबह खाली पेट पानी के साथ आंवला पाउडर लेने से वेट लॉस में काफी मदद मिल सकती है। साथ ही, पेट साफ करने में भी मदद मिलेगी।

## खाली पेट खाएं आंवला

सुबह खाली पेट आंवला खाने से भी आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है। आंवले में प्रचुर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। खाली पेट आंवला खाने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ावा मिलता है। इससे शरीर में जमा एक्स्ट्रा चर्बी बर्न होती है और वजन कम होता है।

## आंवला और एलोवेरा जूस

वजन कम करने के लिए आंवला और एलोवेरा जूस का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। इसके लिए आप दो चम्मच एलोवेरा जूस और दो चम्मच आंवला जूस लें। इन दोनों को एक गिलास गुनगुने पानी में मिलाकर पी लें। आप रोज सुबह खाली पेट आंवला और एलोवेरा जूस पी सकते हैं। नियमित रूप से इन जूस का सेवन करने से वजन कंट्रोल करने में काफी मदद मिल सकती है।

अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं, तो इन तरीकों से आंवला का सेवन कर सकते हैं। हालांकि, अगर आप प्रेग्नेंट हैं या किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।


# खुशी दुबे ने फूड प्वाइजनिंग के बावजूद आशिकाना 3 की शूटिंग की



स्ट्रीमिंग सीरीज आशिकाना 3 में चिक्की की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री खुशी दुबे को हाल ही में फूड पॉइजनिंग का पता चला था, लेकिन उन्होंने समय सीमा को पूरा करने के लिए अपने हिस्से की शूटिंग जारी रखी। खुशी ने अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मैं फूड पॉइजनिंग से पीड़ित थी और मैं ठीक नहीं थी।

मैं पूरे दिन बिना पानी के रही, असहज और उल्टी महसूस कर रही थी। मैं कुछ भी नहीं खा सकती थी और पूरा दिन बिना भोजन के बिताती थी। उस दौरान मुझे एक चुनौतीपूर्ण सीक्वेंस की शूटिंग करनी थी, जहां चिक्की पागलखाने से बाहर चली जाती है। खुशी ने खुलासा किया कि शो के सेट पर एक डॉक्टर ने उनसे मुलाकात की और उन्हें कुछ दवाएं दीं, ताकि वह काम कर सकें।

खुशी ने कहा, मुझे अपनी बॉडी लैंग्वेज के माध्यम से चीखना, चिल्लाना और सारा दर्द, गुस्सा और पागलपन दिखाना था। वास्तव में, डॉक्टर सेट पर आए और उन्होंने मुझे दवाइयां दीं, ताकि मैं इस सीक्वेंस की शूटिंग जारी रख सकूं। शो की निर्माता गुल मैम ने मुझे आराम करने के लिए कहा था, चाहे शेड्यूल कितना भी टाइट और हेक्टिक क्यों न हो। आशिकाना का तीसरा सीजन डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



# बैड बॉय का नया गाना इंस्टा विच स्टोरी रिलीज, 28 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी फिल्म

भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक राजकुमार संतोषी गांधी गोडसे: एक युद्ध की असफलता के बाद मौजूदा वक्त में अपनी आने वाली फिल्म बैड बॉय को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इससे अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के बेटे नमाशी चक्रवर्ती फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। इसमें वह अमरीन के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने बैड बॉय का नया गाना इंस्टा विच स्टोरी रिलीज कर दिया है।

फिल्म बैड बॉय में जॉनी लीवर, राजपाल यादव, दर्शन जरीवाला और शाश्वत चटर्जी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ने 28 अप्रैल, 2023 को सिनेमाघरों को रिलीज होगी। बैड बॉय एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो एक मध्यवर्गीय लड़के और एक उच्च शिक्षित लड़की के बीच की प्रेम कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। हाल ही में निर्माताओं ने बैड बॉय का ट्रेलर जारी किया था, जिसे प्रशंसकों द्वारा काफी प्यार मिला।

फिल्म के बारे में बात करते हुए नमाशी चक्रवर्ती ने कहा, मैं बैड बॉय के साथ शुरुआत करने के लिए धन्य और भाग्यवान था। मेरा किरदार रघु बेपरवाह बिंदास का किरदार है और मैं व्यक्तिगत रूप से उससे खुद को सचमुच जोड़ता हूं। हमने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए फिल्म में काफी मेहनत की है। हमें उम्मीद है कि दर्शकों को फिल्म देखने में उतना ही मजा आएगा, जितना हमें यह फिल्म बनाने में आया।

अभिनेत्री अमरीन ने कहा, एक नए कलाकार के रूप में बैड बॉय के साथ शुरुआत करना और उद्योग के सबसे महान निर्देशकों में से एक राजकुमार संतोषी द्वारा निर्देशित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने इस फिल्म को साइन करने के बारे में कभी नहीं सोचा था और मुझे यह मौका देने के लिए मैं फिल्म के निर्माता साजिद कुरैशी की बहुत आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक हमारी फिल्म को उसी तरह बेइंतहा प्यार देंगे, जिस तरह उन्हें हमारे सभी गाने पसंद आए।

# धमाल 4 में अजय के बाद अनिल कपूर और माधुरी की एंट्री

पिछले कई दिनों से फिल्म धमाल 4 चर्चा में है और हो भी क्यों न, फिल्म की पिछली तीनों किश्तें हिट जो रही हैं। काफी समय से दर्शकों को इसके चौथे भाग का इंतजार था, जो अब आखिरकार खत्म होने वाला है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि अजय देवगन एक बार फिर अगली किस्त में धमाका करते दिखेंगे, वहीं अब इससे अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित भी जुड़ गई हैं। तीनों मिलकर फिल्म में धमाल मचाने वाले हैं।

फिल्म के निर्देशक इंद्र कुमार से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि अनिल और माधुरी को भी धमाल 4 का हिस्सा बना दिया गया है। कुमार ने दोनों सितारों को कहानी का आइडिया दिया, जिसे सुनते ही दोनों ने झट से चौथे भाग के लिए अपनी रजामंदी दे दी है। बता दें कि अनिल और माधुरी की जोड़ी धमाल के शुरुआती 2 भागों में नहीं थी। उनकी धमाकेदार एंट्री तीसरे भाग टोटल धमाल में हुई थी।

1992 में आई ड्रामा फिल्म बेटा में भी अनिल और माधुरी नजर आए थे और दोनों के अभिनय से सजी यह फिल्म भी सफल रही थी। खास बात यह है कि इस फिल्म का निर्देशन भी इंद्र ने किया था। इस फिल्म ने 5 फिल्मफेयर पुरस्कार अपने नाम किए थे। इसी फिल्म के सेट से निर्देशक के साथ अनिल और माधुरी की दोस्ती हुई थी, जो अब भी बरकरार है। अब तीनों फिर साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। अनिल-माधुरी की जोड़ी सुपरहिट रही है। उनकी फिल्में रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा जाती थीं। दर्शकों को इनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार होता था। राम लखन, जमाई राजा और तेजाब जैसी कुछ फिल्मों ने तो दर्शकों को इनका दीवाना बना दिया था।

धमाल एक कॉमेडी फ्रेंचाइजी है, जिसकी पहली किस्त 2007 में आई थी। इसमें संजय दत्त, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी और आशीष चौधरी नजर आए थे। दूसरी किस्त डबल धमाल 2011 में आई, जिसमें मल्लिका शेरावत और कंगना रनौत शामिल हुई थीं। इसके अलावा टोटल धमाल 2019 में रिलीज हुई, जिसमें माधुरी-अनिल जुड़े और यह भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखाने में सफल रही। फिल्म में अजय ने गुड्डू नाम के एक चोर का किरदार निभाया था। माधुरी को पिछली बार वेब सीरीज द फेम गेम और फिल्म मजा मा में देखा गया था। उनकी अगली फिल्म या सीरीज की अभी घोषणा नहीं हुई है। दूसरी तरफ अनिल को पिछली बार वेब सीरीज द नाइट मैनेजर में देखा गया, जिसमें उनके काम को दर्शकों ने खूब सराहा। जल्द ही वह ऋतिक रोशन के साथ फिल्म फाइटर में नजर आएंगे।

# फ्रंट कट गाउन पहन रकुल प्रीत ने फ्लॉन्ट की क्लीवेज



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने ग्लैमरस लुक्स और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी चर्चाओं में आ जाती हैं। हालांकि लोग उनके स्टाइल को देखकर अक्सर उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल ने काफी रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है जिसे देख कर फैंस अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉट लुक देख कर फैंस उनकी तारीफ को पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अपने हर लुक में बेहद ही शानदार लगती हैं। उनका मेकअप भी हमेशा ऑन प्वॉइंट रहता है। अपनी इन लेटेस्ट तस्वीरों में रकुल प्रीत ने रेड कलर का फ्रंट-कट गाउन पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करते हुए बेहद ही सेक्सी पोज दे रही हैं। उन्होंने अपने इस आउटफिट को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारने के लिए लाइट मेकअप और बालों को स्टाइलिश लुक में बांधा हुआ है एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और उनकी इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। बता दें कि अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह अपनी एक्टिंग के साथ-साथ शानदार लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं।

# गोंधराज लेबू को डाइट में शामिल करने के लिए ये 5 रेसिपी आजमाएं

गोंधराज लेबू एक तरह का फल है, जो काफिर लाइम की तरह स्वाद में खट्टा होता है। यह फल सिट्रोनेलोल, नेरोल, लिमोनेन, विटामिन सी और अल्कलॉइड्स जैसे आवश्यक यौगिकों से भरपूर होता है, जो स्वास्थ्य को कई लाभ देने के साथ-साथ व्यंजनों में एक अच्छा स्वाद जोड़ सकते हैं। आइए आज हम आपको गोंधराज लेबू की 5 रेसिपी बताते हैं, जिनके जरिए आप इस स्वास्थ्यवर्धक फल को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।

## गोंधराज मोमोज

सबसे पहले मैदा, पानी, गोंधराज लेबू का रस और कुकिंग ऑयल को मिलाकर नरम आटा गूंथ लें। अब फिलिंग के लिए एक कटोरे में बारीक कटी सब्जियां, सोया सॉस, काली मिर्च, नमक, गोंधराज लेबू का छिलका, अदरक-लहसुन का पेस्ट, प्याज और गोंधराज नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद आटे की छोटी-छोटी लोईयां बेलकर उनमें स्टफिंग डालें और आटे को सील कर दें। अंत में मोमोज को 10-12 मिनट के लिए स्टीम करें, फिर इन्हें शेजवन सॉस के साथ गरमागरम परोसें।

## गोंधराज पुलाव

सबसे पहले चावल को धोकर छान लें और एक तरफ रख दें। अब पानी, दही और गोंधराज रस को एक साथ मिलाएं, फिर काजू और किशमिश को घी में भूनकर इसमें चावल डालें और 3-5 मिनट तक भूनें। इसके बाद एक कटोरे में तैयार गोंधराज मिश्रण, नमक, चीनी, गोंधराज के पत्ते, काजू, किशमिश और गरम पानी डालकर इसे पका लें। अंत में इसमें गोंधराज का छिलका और घी डालकर 10-12 मिनट के लिए रख दें, फिर इसे परोसें।



## नारियल और गोंधराज लेबू पुडिंग

सबसे पहले नारियल के दूध में चीनी डालकर इसे 2 मिनट तक पकाएं। अब इसमें अगर-अगर डालकर फिर से पकाएं और मिश्रण को छानकर सांचों में डालें, फिर एक घंटे के लिए इसे फ्रिज में रखें। इसके बाद गोंधराज के रस, पानी, चीनी और गोंधराज लेबू के छिलकों को एक साथ पकाएं और मिश्रण को फ्रिज में रख दें। अंत में मिश्रण को डी-मोल्ड करें और इसे ठंडा-ठंडा परोसें।

## गोंधराज आइसक्रीम

सबसे पहले एक कटोरे में फ्रेश क्रीम और पिसी चीनी के साथ फेंटे, फिर इसमें गोंधराज का रस और कंडेंस्ड मिल्क डालकर फिर से फेंटें। अब इस मिश्रण को एक पैन में डालें और ऊपर से इस पर गोंधराज के छिलके का रस छिड़कें, फिर पैन को एल्युमिनियम फॉयल से ढकें और इसे 2 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। अंत में मिश्रण को फिर से फेंटें और रातभर के लिए फ्रिज में रखने के बाद अगले दिन खाएं।

## गोंधराज लेबू एनर्जी ड्रिंक

इससे न सिर्फ शरीर को भरपूर ऊर्जा और ठंडक मिलेगी, बल्कि यह एक हाइड्रेटिंग ड्रिंक भी है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले अनानास और गोंधराज लेबू को छीलकर टुकड़ों में काट लें, फिर इन्हें एक जूसर में डालकर पीसें। अब जूस को बारीक छन्नी से छानकर गिलास में डालें और फिर गिलास में बर्फ के कुछ टुकड़े डालें। अंत में इस ताजी और ठंडी-ठंडी ड्रिंक का सेवन करें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### गुरुर हाथी प्रभावित क्षेत्र में सोलर हाईमास्क लाईट की स्थापना से क्षेत्र में जानमाल की मिली सुरक्षा

**बालोद।** जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम पंचायतो में सोलर हाईमास्क लाईट की स्थापना कर जानमाल की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हितेकसा, बड़भूम, कपरमेटा एवं टेंगनाबरपारा ग्राम पंचायत एवं उनके आश्रित 16 ग्रामों में जंगली हाथियों से ग्रामीणजन परेशान थे। हाथियों के दल द्वारा जंगली क्षेत्र में पानी और भोजन की कमी के कारण कई बार भटककर बस्तियों या आबादी से लगे खेतों एवं जलाशयों तक आ जाते हैं। शाम होते ही ग्रामीण घरों से अति आवश्यक कार्य से भी बाहर नहीं निकल पाते थे। ग्रामीणों की सदैव वन विभाग से ऐसे हाथी प्रभावित क्षेत्रों में रोशनी व्यवस्था की मांग उठती रहती थी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा ऐसे समस्त ग्रामों में रोशनी व्यवस्था हेतु प्रभावित क्षेत्रों के कलेक्टरों को निर्देशित किया गया था। जिनके निर्देश के परिपालन में कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के द्वारा ऐसे समस्त हाथी प्रभावित क्षेत्रों में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि से सोलर हाईमास्क लाईट की स्थापना कर जानमाल की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत मुड़गहन तथा हितेकसा के सरपंच श्रीमती अनुपा बाई साहू और श्री भूपेश कुमार हिरवानी ने कहा कि हाथियों के क्षेत्र में लगातार आने-जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल था फसलों की हानि के साथ आम नागरिकों के जान का खतरा भी बना रहता था।

### परिवार के सानिध्य के बाद बच्चों के सर्वागीण विकास की पहली सीढ़ी है आंगनबाड़ी केंद्र - कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कहा जाता है एक अकेला थक जाएगा साथी हाथ बढ़ाना... यह गीत कई मुकाम पर सच साबित होता है। कई ऐसे कदम जिसको सफल बनाना मुमकिन हो जाता है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों की दशा सुधारने की दिशा में सामाजिक सहभागिता के साथ अभिनव पहल किया है। आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से पढ़ाई करने की व्यवस्था की है। कलेक्टर ने अपील कर जनमानस को स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्ट टीवी दान में देने का अनुरोध किया था। कलेक्टर की मेहनत और प्रयास रंग लाया है। जनसहभागिता से 100 प्रतिशत स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्ट टीवी दान में मिल रहे हैं। आज छुरिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुमरदा में आयोजित कार्यक्रम में आसपास के ग्राम पंचायतों के 40 सरपंचों ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए स्मार्ट टीवी दान में दिए हैं। दान में मिले स्मार्ट टीवी को संबंधित ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों में लगाया जाएगा। स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों को शिक्षा-दीक्षा के साथ ही जीवन की सीख, समझ और ज्ञान का सृजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता और परिवार के बाद आंगनबाड़ी केंद्र एक ऐसा स्थान हैं, जहां बच्चों में जीवन की सीख समझ व ज्ञान का सृजन किया जाता है। कलेक्टर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को शिक्षा देने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि जब हम कोई चीज देखते हैं, तो समझने में जल्दी मदद करता है। यह चीज लंबे समय तक मानस पटल में बना रहता है। कलेक्टर ने कहा कि इसके माध्यम से बच्चों को पढ़ाने में सार्थक मदद मिलेगी। कलेक्टर ने कहा कि एक प्रयास और जनसहभागीता से जिले के स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट स्कूल और स्मार्ट आंगनबाड़ी केंद्र बनाने में मदद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब कोई कार्य जनसहभागिता से होता है, तो उसका संदेश समाज में प्रेरित कारी होता है।

# बिना तलाक के दूसरी पत्नी अवैध, आयोग ने दूसरी पत्नि को नारी निकेतन रायपुर भेजने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने सदस्य डॉ अनीता रावटे की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार गरियाबंद में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर जनसुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक की अध्यक्षता में आज 170 वीं जन सुनवाई हुई। आज की जनसुनवाई में कुल 24 प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे, जिसमें 13 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये। साथ ही 2 प्रकरण महिला आयोग रायपुर कार्यालय मे स्थानांतरित किये गये।**




कार्यवाही के दौरान सभापति महिला एवं बाल विकास श्रीमती मधुबाला रात्रे, परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी मिशन वात्सल्य अनिल द्विवेदी, संरक्षण नवा बिहान श्रीमती लता पटेल एवं केन्द्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर श्रीमती रेवती यादव उपस्थित रहे। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि लगभग 12 वर्ष पूर्व उसका विवाह अनावेदक प्रभाकर साहू के साथ हुआ था। जिसके दो बच्चे है। बड़ा बेटा 9 साल और 8 साल की बेटी है। लगभग 10 माह पूर्व अनावेदक के मारपीट के कारण वह अपने मायके मे है। बेटी आवेदिका के पास है और बेटा अनावेदक के पास है। अनावेदक से पूछे जाने पर उसने बताया कि आवेदिका के जाने के 2 माह बाद उसने एक लड़की को अपने घर में पत्नि की तरह रखा है। अनावेदक प्रभाकर का कहना है कि उसने मंदिर मे मांग भरकर शादी किया है। अनावेदक के माता पिता का कहना है कि अनावेदक उनसे अलग रहता है। लेकिन बेटे का पालन पोषण कर रहा है। आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि बिना तलाक के दूसरी पत्नी रखना अवैध है। अनावेदक प्रभाकर द्वारा आयोग की सुनवाई के दौरान धमकी दिया गया कि वह दूसरी लड़की जिसको उसने अवैध रूप से पत्नी बना कर रखा है उसके बिना जिंदा नही रहेगा और मर जायेगा। सुनवाई के दौरान प्रभाकर द्वारा आत्महत्या की धमकी देने पर आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अनावेदक प्रभाकर को गरियाबंद थाना प्रभारी के सुपुर्द किया। साथ ही अनावेदक के विरूद्ध आत्महत्या की धमकी देने पर एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दिये। डॉ नायक ने एफआईआर की कार्यवाही पूर्ण कराने आयोग की क्लर्क सुश्री टोप्पो, परियोजना अधिकारी श्री चन्द्रहास साहू को निर्देशित किया। उसके उपरांत आवेदिका को समझाईश देकर प्रकरण रायपुर कार्यालय स्थानांरित करने के निर्देश दिये। आयोग की अध्यक्ष डॉ नायक ने सुनवाई के दौरान कहा कि दूसरी पत्नी का अनावेदक प्रभाकर के साथ रिश्ता बने रहना कानूनन और सामाजिक रीति से पूर्णत: असंवैधिनक है। जिसे बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। चूंकी प्रभाकर और आवेदिका का तलाक नही हुआ है। अत: तथाकथित विवाह शून्य और अवैधानिक विवाह है। चूंकि अनावेदिका दूसरी पत्नी के पास रहने के लिए कोई जगह नही होने के कारण सखी सेंटर गरियाबंद के केन्द्र प्रशासक को अनावेदिका दूसरी पत्नी को अपने क्षेत्राधिकार में रखने एवं उसे रायपुर नारी निकेतन भेजने के निर्देश दिये। अनावेदिका दूसरी पत्नी को माता पिता या पूर्व पति शपथ पत्र देने पर ही उनको उनके सुपुर्द किया जा सकता है। अन्यथा उनके रहने की अस्थायी व्यवस्था नारी निकेतन रायपुर मे होगी।

अन्य प्रकरण मे आवेदिका ने अनावेदक के परिवार के विरूद्ध एफआईआर किया गया। वह लोग जमानत पर रिहा है। यह प्रकरण न्यायालय मे चल रहा है ऐसी स्थिति मे आयोग मे सुना जाना संभव नहीं है जिसके कारण प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में आवेदिका एवं अनावेदक दोनों शासकीय शिक्षक है। आयोग मे अवैध संबंध के प्रकरण में मामला दर्ज है। इसके अलावा दहेज प्रताड़ना के संबंध मे प्रकरण न्यायालय मे चल रहा है। आयोग की अध्यक्षता में बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दोनों को आपसी सुलह करने समझाईश दिया गया। इसके साथ ही प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

अन्य प्रकरण में अनावेदक पक्ष ने बताया कि गरियाबंद दीवानी न्यायालय मे प्रकरण चल रहा है। आवेदिका का कथन है कि अनावेदक के जमीन का कुछ टुकड़ा और दो अन्य लोगो के जमीन पर 50-55 लाख रूपये की लागत से मकान बना है।

# कुम्हार समाज के प्रदेश स्तरीय छात्रावास भवन हेतु 50 लाख रूपए की घोषणा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के तहत बुधवार शाम यहां अपने निवास कार्यालय में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों से भेंट-मुलाकात की। उन्होंने सामाजिक संगठनों की मांग पर सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस दौरान सेन समाज की मांग पर नवा रायपुर में सेन महाराज के नाम पर चौक का नामकरण करने की घोषणा की। इसी तरह कुम्हार समाज के प्रदेश स्तरीय छात्रावास भवन की मांग पर 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री बघेल ने इस अवसर पर गौड़ ब्राम्हण समाज गुढ़ियारी के सामाजिक भवन के ऊपरी तल निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, क्षत्रिय समाज के भवन की मांग पर 20 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ कसौंधन वैश्य समाज के सामाजिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पवार क्षत्रिय समाज गुढ़ियारी के भवन के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। इसी तरह गायत्री परिवार कोटा को भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, गुरु कलगीधर साहिब गुरुद्वारा से जुड़े सिख समाज को सामाजिक भवन हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने छात्रा देव्यानी की मांग पर पढ़ाई के लिए 1 लाख रुपये सहायता राशि की घोषणा की। देव्यानी जंघेल कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय में जर्नलिज्म प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हैं। उनके पिता सड़क दुर्घटना होने से कार्य करने में अक्षम हो गए हैं। मुख्यमंत्री से अखण्ड ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने समाज के भवन के जीर्णोद्धार की मांग की, जिस पर उन्होंने निगम को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण के कानून को रोकना दुखद : रघु ठाकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर अपने अल्पप्रवास पर पहुंचे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यह बहुत दुखद है कि पिछड़े वर्गो के आरक्षण संबंधी कानून पर अभी तक महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ ने हस्ताक्षर नही किए लोकतंत्र में कानून विधान का निर्माण करने का दायित्व संविधान में निर्वाचित विधायकों को दिया है। राज्यपाल एक नोडल एजेंसी है एक किसी कानून को वे तभी रोक सकते है जब कानून संविधान संगत न हो। यह किसी कानून के खिलाफ हो परंतु यह दोनों कारण नही है।

अगर राज्यपाल की इससे वितर्क कोई राय है तो उन्हें प्रस्तावित कानून को मंत्रिमंण्डल के समक्ष पुन विचार के लिए भेजना चाहिए। परंतु ऐसा लगता है कि राज्यपाल महोदय राजनीतिक कारणों से कानून को रोकने का प्रयास कर रहे है। वैसे की भारत सरकार ने न तो वर्ष 2011 की जातिगत जनगणना की रपट प्रकाशित की है और न ही दूसरा कोई कार्यवाही की है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी भारत सरकार से मांग करती है कि जातिगत जनगणना को सम्मलित किया जाये। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर मांग करेंगी कि छग के राज्यपाल की प्रस्तावित कानून पर स्वीकृति के लिए कहे और लोकतंत्र की रक्षा करें।

लोसपा अपने स्थापना काल से ही संपूर्ण शराबबंदी के पक्षधर है पार्टी छग सरकार से अपील करती है कि प्रदेश में संपूर्ण शराबबंदी लागू करे इससे परिवार टूटने से बचेंगे विशेषता गरीबों के घर और महिलाएं सुरक्षित होंगे, शराब के नाम पर होने वाला भ्रष्टाचार समाप्त होगा, शराब माफिया का आंतक और रूपया समाप्त होगा। अगर छग सरकार यह पहल करेंगी तो यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के लिए सबसे अच्छी श्रद्धांजलि होगी। आज हालात यह है कि गांव गांव में शराब बिक रही है नौजवान पीड़ित यहां तक कि स्कूल के बच्चे भी शराबी बन रहे है। लोकतंत्र का अर्थ तभी सार्थक हो सकता है चुनाव में काले धन की भूमिका समाप्त हो। एक सामान्य गरीब व्यक्ति भी चुनाव लडनें में सामान्य रूप से समर्थ हो परंतु एक्लोट्रान बॉड का कानून काले धन को सुक्रीत और संरक्षण देने वाला कानून है।

इससे माध्यम से एक तरफ चुनाव में काला धन खेल रहा है। और दूसरी तरफ समुची राजनैतिक भ्रष्टाचार में जा रही है। लोसपा लगातार मांग कर रही है कि इलेक्ट्रेट बॉड के कानून को समाप्त की जाए। प्रदेश अध्यक्ष अशोक पंडा, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एम चन्द्रशेखर रेडडी, अजय साहू आदि साथीगण उपस्थित थे।

# ई-कॉमर्स, भारत ई-मार्ट, व्यापार में बीमा एवं स्मार्ट शहरो को स्मार्ट व्यापारियों की जरुरत पर चर्चा हुई - पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का राष्ट्रीय रिटेल शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ई-कॉमर्स व्यवसाय का भविष्य का तरीका है नियमों और नीतियों की तत्काल आवश्यकता क्यों है ? स्मार्ट शहरों को स्मार्ट व्यापारियों की जरूरत है। व्यापार में बीमा व्यवसाय के अस्तित्व के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। और भारत ई-मार्ट के सम्बंध में चर्चा हुई।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि राष्ट्रीय रिटेल शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ई-कॉमर्स व्यवसाय का भविष्य का तरीका है नियमों और नीतियों की तत्काल आवश्यकता क्यों है ? स्मार्ट शहरों को स्मार्ट व्यापारियों की जरूरत है। व्यापार में बीमा व्यवसाय के अस्तित्व के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। और भारत ई मार्ट के सम्बंध में चर्चा हुई।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि भारत के ई-कॉमर्स बाजार में हो रही तेजी से वृद्धि के मद्देनजर देश भर के व्यापारियों ने ई कॉमर्स को व्यापार के एक अतिरिक्त विकल्प के रूप में अपनाने की इच्छा जाहिर की है व्यापारियों को लगता है कि ई-कॉमर्स में माल बेचने के लिए विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की लगातार जारी कुप्रथाओं और नियमों के घोर उल्लंघन से व्यापारियों को परेशानी हो रही है। व्यापारियों ने कहा है कि देश में ई कॉमर्स व्यापार को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए ई-कॉमर्स नीति एवं ई कॉमर्स से संबंधित उपभोक्ता क़ानून को संशोधित कर तुरंत लागू करना बेहद जरूरी है भारत में ई-कॉमर्स व्यवसाय के लिए एक मजबूत मॉनिटरिंग अथॉरिटी का गठन बेहद जरूरी है।

श्री पारवानी ने आगे कहा कि ई- कामर्स पोर्टल पर कैट द्वारा 30 अक्टूबर 2020 को श्भारत ई -मार्ट पोर्टल श् शुरूआत की गई थी। जिसमे देश के सभी छोटे बड़े व्यापारी अपनी दुकान खोल सकते है। जो कि पूर्णत: नि:शुल्क है इसमे व्यापारियों को किसी भी प्रकार का कमीशन नहीं देना होगा। भारत ई-मार्ट पोर्टल भारत के व्यापारियों का ,व्यापारियों के द्वारा तथा व्यापारियों और उपभोक्ताओं के लिए, वाले मूल सिद्धांत पर आधारित है। भारत ई-मार्ट पोर्टल में निर्माता से लेकर आखिरी उपभोक्ता तक की वर्तमान व्यवसाय पद्धति जो अभी ऑफलाइन में चल रही है, का उसी प्रकार से एलेक्ट्रॉनिकीकरण किया गया है।

इससे जहाँ एक तरफ ऑनलाइन पर वर्तमान सप्लाई चेन को बल मिलेगा तो वही दूसरी ओर देश भर के व्यापारियों की निजी दुकानों के व्यापार में बड़ी वृद्धि होगी। इस पोर्टल के जरिये अब भारत के व्यापारियों की दुकाने 24 घंटे खुली रहेंगी।

## छात्रों ने पुरातत्व महत्व के स्थल का संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया

# पुरात्तव,सांस्कृतिक विरासत एवं धरोहर को सहेजकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक एवं पर्यटन महत्व के स्थल भोरमदेव मंदिर परिसर में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, जिला प्रशासन एवं ट्रिप्स एन ट्रिपर्स के संयुक्त तत्वावधान व विश्व धरोहर दिवस का आयोजन किया गया है।




इस आयोजन में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, पंड़ित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्राचीन भारत इतिहास विभाग, पर्यटन एवं होटल प्रंबधन संस्थान सहित विभिन्न तिल्दा-नेवरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अल्दा से आए प्रोसेफसर, प्रध्यापक एवं विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की कला,संस्कृति एवं पुरातत्व,पर्यटन महत्व के स्थलों को संरक्षित करने और उनकी ख्यांति को दूर-दूर पर बढ़ाने का संकल्प लिया। विश्व धरोहर दिवस अथवा विश्व विरासत दिवस प्रतिवर्ष 18 अप्रैल को दुनिया भर में मनाया जाता है। इस दिन को स्मारकों और स्थलों के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्त्व,उनके अस्तित्व के संरक्षण एंव संवर्धन व उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता लाई जा सके।

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, ट्रिप्स एन ट्रिपर्स के संयुक्त तत्वावधान व छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के प्रबंध संचालक श्री अनिल कुमार साहू के पहल से हैरिटेज साइट्स को संरक्षण व जरुकता हैरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 18 अप्रैल, वर्ल्ड हैरिटेज डे 2023 उपलक्ष पर हैरिटेज वॉक एन टॉक का आयोजन भोरमदेव मंदिर, कवर्धा में किया गया। इस आयोजन में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निर्देश पर पुरातत्ववेत्ता एवं राष्ट्रपति से सम्मानित भूतपूर्व शिक्षक आदित्य श्रीवास्तव, जिला जनसंपर्क अधिकारी गुलाब डड़सेना विशेष रूप से शामिल हुए। इसके अलावा डॉ कमला राम बिंद, प्राचीन भारतीय इतिहास विभाग व अंकित दीवान पर्यटन व होटल प्रबंधन,विभाग पंडित रवि शंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी ,रायपुर, प्रेम पृथ्वी पाल लेवी लकड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अल्दा , ब्लॉक तिल्दा, सभी के द्वारा वर्ल्ड हैरिटेज पर उदबोधन प्रस्तुत किया गया।इस आयोजन पर 54 प्रतिभागी शामिल हुए। मोमेंटो व सर्टिफिक्रेट भी प्रदान किए गए। सभी ने प्राचीन धरोहर को संरक्षित करने हेतु संकल्प किया। सभी ने कार्यक्रम की सरहना की। पुरातत्ववेत्ता श्री श्रीवास्तव ने टीम को कबीरधाम जिले के पुरातत्व महत्व के भोरमदेव मंदिर, मंडवा महल, छेरकी महल दर्शन किया और जिले के सभी पुरातात्वकि महत्व के स्थल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होने शैक्षणिक संस्थानो के विद्यार्थियों में विश्व धरोहर दिवस के बारे में जानकारी देते हुए राज्य अथवा देश के सभी सांस्कृतिक, धार्मिक, पुरात्तव महत्व के स्थलों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ उनकी ख्याति को आने वाली पीढियों के लिए सहज कर रखने का संकल्प भी दिलाया। जिला जनसंपर्क अधिकारी श्री गुलाब डड़सेना ने कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की संभावनाओं को विस्तार से जानकारी। उन्होने बताया कि पूरे कबीरधाम के पग-पग में पुरातत्व, सांस्कृतिक धरोहर एवं कला संस्कृतिक को एहसास कराने वाले पर्यटन की समीप संभावनाएं है। उन्होने जिले में निवासरस विशेष पिछड़ी बैगा जनजातियों के रहन,सहन, खान-पान एवं उनके सांस्कृतिक रीति-रीवाजों एवं परम्पराओं के बारे में भी प्राचीन भारत एवं पर्यटन प्रबंधन के विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी।





















## खास-खबर




### ऑनलाइन ठगीः विदेश से गिफ्ट भेजने का झांसा देकर युवती से 49 हजार की ठगी

**रायपुर (ए)।** न्यू शांतिनगर में रहने वाली एक युवती से 49 हजार से ऑनलाइन ठगी हो गई। युवती को विदेश से गिफ्ट भेजने का झांसा दिया गया। ठग ने पार्सल का फोटो भेज लिया। उसे एयरपोर्ट से छुड़वाने का झांसा देकर पैसा ऐंठ लिया गया। अभी भी युवती को फोन आ रहे हैं।

आरोपी पुलिस की फोटो भेजकर कार्रवाई की धमकी दे रहा है। पुलिस ने बताया कि न्यू शांति नगर में 28 साल की युवती रहती है। वह प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती है। उसकी सोशल मीडिया में अमेरिका के एक युवक से दोस्ती हुई, जिसने खुद को डॉक्टर बताया। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। उसने विदेश से महंगा गिफ्ट भेजने का झांसा दिया। उसने पार्सल का फोटो भेज दिया। उसके बाद पार्सल छुड़वाने के लिए अलग-अलग नंबर से फोन करने लगा। युवती ने झांसे में आकर 49 हजार जमा कर दिया। आरोपी दिल्ली पुलिस के जवान की फोटो भेजकर कानूनी कार्रवाई की धमकी दे रहा है।

### गुजरा की वेल्डिंग दुकान मुक्तिधाम में एंगल चोरी

**बालोद (ए)।** ग्राम गुजरा की वेल्डिंग दुकान व मुक्तिधाम घाट में चोरी का मामला सामने आया है। वेल्डिंग दुकान से 32 हजार 626 रुपए के सामान और मुक्तिधाम घाट में लगे 12 हजार के लोहे के 22 खंभों (ऐंगल) को उखाड़कर अज्ञात चोर ले गया। दोनों मामले में बालोद थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

देव कुमार साहू ने बताया कि 16 अप्रैल को सुबह 9 बजे दुकान खोलने गया तब थ्रेसर मशीन का 30 हजार रुपए का 2 प्लाईविल और 10 किलो का बाट, लोहे के अन्य सामान गायब था। दूसरे मामले में ग्राम पंचायत के सरपंच हरिशचंद्र भण्डारी ने बताया कि मुक्तिधाम घाट में लोहे की जाली, ऐंगल फेन्सिंग लगाने का काम 15 मार्च से चल रहा है। घाट को जाली व लोहे का ऐंगल, सीमेंट कांक्रीट कर घेरा करवाए थे। 17 अप्रैल को सुबह 7.30 बजे शोभित के साथ मुक्तिधाम घाट पहुंचा तो लोहे की 22 ऐंगल गायब था। जिसकी कीमत 12 हजार रुपए है।

#### मोबाइल टावर लगाने के नाम पर किसानों से करते थे ठगी,

# मुख्य आरोपी सहित तीन महिला आरोपी गिरफ्तार, एसपी ने किया खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** मोबाइल टावर लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में तीन महिलाएं शामिल है। पश्चिम बंगाल 24 परगना में कॉल सेन्टर के नाम पर ऑफिस चलाकार लोगो से ठगी करते थे। टावर लगाने के नाम पर लालच देकर पाटन के किसान से लगभग 60 हजार रुपए की ठगी की थी। छत्तीसगढ़ के 3 जिलों में अभी तक करीबन 25 लाख रुपए की ठगी आरोपियों के द्वारा की गई है। आरोपियों के पास से पुलिस के द्वारा 44 नग मोबाइल 22 नग डायरी एवं एक दुपहिया वाहन जप्त किया गया है।



पुलिस ने बताया कि पाटन के किसान तेजेन्द्र कुमार चक्रधर निवासी खुडमुड़ी से जून 2022 को महिला आरोपी दीपिका मंडल के द्वारा एयरटेल मोबाईल कंपनी कोलकाता का हवाला देकर खेत में एयरटेल कंपनी का मोबाईल टावर लगाने का ऑफर दिया था। एवज में कंपनी द्वारा एडवांस में 15 लाख रूपया दिया जायेगा और टावर लगने के बाघ क्या हो गया प्रति माह 20 हजार रूपये मंथली भी दिया जायेगा। इस समझौते के लिए दस्तावेज तैयार करने के लिये प्रोसेसिंग चार्ज के रूप में 60 हजार रूपया लगेगा जिसे किश्तों में दे सकते है। किसान तेजेंद्र ने झांसे में आकर 25 जून से 4 जुलाई 2022 तक 4 किश्तों कुल 59460 रू का भुगतान किया गया । 24 नवंबर 2022 को प्रार्थी की शिकायत पर उसे आरोपियों के खिलाफ पाटन थाने में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इस शातिर गैंग के द्वारा छ.ग. में किये गये ठगी-कवर्धा जिला में एक व्यक्ति से 21 लाख रूपये, धमतरी जिला से 03 लाख 36 हजार रू., धमधा दुर्ग क्षेत्र से 90 हजार रू., शिवनी मध्य प्रदेश से 38460 रू. की ठगी की गई है।

# सड़क के गड्ढे में बाइक समेत गिरा अधेड, मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** बिलासपुर में मंगला-लोखंडी के बीच सड़क बनाने के लिए गड्ढा खोदकर खुला छोड़ दिया गया है, जिसमें बुधवार की रात बाइक समेत अधेड़ गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस हादसे में PWD के अफसरों और ठेकेदार की बड़ी लापरवाही सामने आई है। निर्माणाधीन सड़क और गड्ढे से लोगों को बचाने के लिए सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। जिसके चलते ये हादसा हुआ है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

मंगला के दीनदयाल आवासीय कॉलोनी रोड से लोखंडी तरफ जाने वाली सड़क काफी जर्जर है, जिसे बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने ठेका दिया है। यहां पिछले कुछ दिनों से सड़क बनाने के लिए गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया है। बुधवार की रात करीब 10 बजे ऊषा उपवन कॉलोनी निवासी डेयरी संचालक कृपाल सिंह (63) बाइक में सवार होकर घर लौट रहे थे। रात के अंधरे में सड़क में खोदे गए गड्ढे में उनका ध्यान नहीं गया और वे बाइक समेत गड्ढे में समा गए, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद आसपास के लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। जब तक पुलिस वहां पहुंची और उन्हें बाहर निकाला गया। तब तक उनकी मौत हो गई थी। बाद में एंबुलेंस की मदद से शव को सिम्स भेजा गया।

# पत्नी ने घर बेचने से मना किया तो पति ने पत्थर से सिर कुचला

**बेमेतरा (ए)।** साजा थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभाठा में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जहां पति ने पत्नी की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी। घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। साजा थाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की माने तो पति शराबी प्रवृत्ति का था। बुधवार की सुबह भी शराब के लिए पैसे नहीं मिला तो, घर बेचने के लिए पत्नी पर दबाव बना रहा था। पत्नी ने इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा, आरोपी पति कृपाराम बारले ने पत्नी कविता की हत्या कर दी। मामले की जांच की जा रही है।

साजा थाना प्रभारी विवेक पाटले ने बताया कि मृतका कविता पति कृपाराम बारले (45) ग्राम धौराभाठा की रहने वाली थी। सुबह पति-पत्नी दोनों एक साथ गांव के तालाब में नहाने गए हुए थे। जहां दोनों के बीच घर को बेचने को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोपी कृपाराम बारले, पत्नी पर घर बेचने को लेकर दबाव बना रहा था। क्योंकि घर पत्नी के नाम पर था। कविता ने घर बेचने से मना कर दिया। आरोपी ने गुस्से में आकर तालाब किनारे पड़े पत्थर से उसकी सिर कुचलकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी कृपाराम बारले शराबी था। उसके पास करीब 5 एकड़ खेत जमीन थी। शराब पीने की



लत में उन्होंने धीरे- धीरे करके पूरी जमीन ही बेच दी। इसे लेकर घर में हमेशा पति-पत्नी के बीच विवाद होते रहता था। खेत को बेचने के बाद आरोपी घर को भी बेचने की तैयारी में था।

### तालाब में होता रहा दोनों के बीच विवाद, लोग देखते रहे

जिस समय तालाब में पति पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था। उस दौरान तालाब में नहाने गांव के कई लोग भी गए हुए थे। पति-पत्नी का विवाद चलता रहा, जिसे ग्रामीण देखते रहे। लेकिन किसी ने भी आरोपी को समझाने की कोशिश नहीं की। न ही झगड़ा शांत कराने की पहल की। करीब आधे घंटे तक दोनों के बीच झगड़ा चलता रहा। इस दौरान आरोपी ने तैश में आकर तालाब किनारे पड़े पत्थर से सिर कुचलकर हत्या कर दी।

# बरगा में ग्रामीणों ने किया चक्काजामः तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की हुई मौत

**बेमेतरा (ए)।** थानेखम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरगा में बुधवार को तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार को ठोकर मार दी। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। थानखम्हरिया थाना प्रभारी पुष्पेंद्र भट्ट ने बताया कि मृतका चमेली पति अजय साहू (35) ग्राम अचानकपुर जिला कबीरधाम की रहने वाली थी। जो कोसमंदा अपने रिश्तेदार के घर गई हुई थी। कोसमंद से मोटरसाइकिल में अपने पिता के साथ अचानकपुर जा रही थी।



इस दौरान ग्राम बरगा के पंचायत भवन के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर से बाइक में सवार दो लोग सड़क किनारे छिटक गए। चमेली बाई हाइवा के चक्के के नीचे आ गई। जिससे हाइवा उनके ऊपर से गुजर गई। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। जिसे संजीवनी वाहन से नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हादसे में मृतका के पिता अलख साहू 60, उनकी मां केवरा साहू 55 साल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने गांव में चक्काजाम कर दिया।

### ग्रामीण पकड़ने दौड़े, वाहन छोड़ भाग निकला चालक

ग्रामीण आरोपी को पकड़ने दौड़े लेकिन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। चक्काजाम के दौरान परिजनों को तत्काल मुआवजा राशि देने की मांग कर नारेबाजी की गई। सूचना पर साजा एसडीएम विश्वास राव मस्के पुलिस टीम के साथ पहुंचे। निर्माण कार्य में लगे हाइवा चालक के मालिक ने तत्काल 1 लाख रुपए नकद राशि परिजनों को दी। जिसके बाद ग्रामीणों ने शांत हुए।

# अपराध की एक अनोखी दास्तांः दोस्त को मारकर दफनाया था, अब उसकी आत्मा सपने में आकर सता रही

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद जिले के क्राइम इतिहास में एक अनोखे मामले की चर्चा आज फिर से उभर कर सामने आई है। यह कोई फिल्मी स्टोरी से कम नहीं दरअसल एक पिता के आवेदन और एसडीएम के आदेश पर जिले के बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम करकाभाट में छानबीन कर खुदाई प्रारंभ की गई। पुलिस विभाग एवं राजस्व अधिकारियों की निगरानी में हुई इस खुदाई में कुछ अवशेष मिले हैं। दरअसल आज से ठीक 1 साल पहले एक व्यक्ति ने कहा था कि 2003 में मैंने अपने दोस्त को मारा था और आज उसकी आत्मा मुझे सताती है जो युवक टीकम कोलीयारा लापता था उसके पिता जगदीश कोलियारा ने मामले की छानबीन की मांग की थी जिस पर एसडीएम के आदेश और तहसीलदार की उपस्थिति में खुदाई हुई है।

### मैने कर दी थी हत्या

पूरी घटना कुछ इस तरह है कि बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करकभाट में रहने वाले टीकम



कोलियार ने अचानक अपने परिवार और गांववालों को बताया कि 2003 में उसने गांव के युवक छवेश्वर गोयल की हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद में उसे गांव के पास जंगल में दफना दिया था। इस मामले की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दो दिन तक खुदाई जरूर की लेकिन हाथ कुछ नहीं लगा। पुलिस प्रशासन भी लगातार मामले की जांच में उस समय लगा था लेकिन कुछ दिनों बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था।

### मिले अवशेष

पूरे मामले के विवेचक सहायक उपनिरीक्षक कांता राम ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर खुदाई की गई है। हम वहां इस पाठ में मौजूद थे जगदीश गोली आरा के आवेदन पर यह कार्रवाई की गई हमने डैम साइड खुदाई की है जहां पर पांच हड्डियों के अवशेष मिले हैं और कपड़े मिले हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि हम नहीं करते कि यह हड्डी मानव हड्डी है या फिर और कुछ। इन सब सैंपल्स को फॉरेंसिक लैब भेजने और वहां की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### सपने में सताता है

मामले में युवक द्वारा यह कहा गया कि मृतक उसे सपने में आकर सताने लगा था, इस वजह से उसने इस पूरे मामले को बताया। वहीं इस घटना का कारण उसने बताया कि उसकी जो प्रेमिका थी जो वर्तमान में उसकी पत्नी है। उसका दोस्त उसे लगातार प्रताड़ित करता था तथा उसे शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश भी की थी। इस वजह से उसने गुस्से में आकर दोस्त छवेश्वर की हत्या कर दी थी।

### मानसिक स्थिति खराब


1 वर्ष पूर्व भी मामले को लेकर आसपास के क्षेत्रों में खुदाई शुरू कर दी गई थी यह किसी फिल्मी स्टोरी से कम नहीं है क्योंकि जिस युवक ने यह खुलासा किया था उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण खुदाई को बंद कर दिया गया और आरोपी को परिजनों को सौंप दिया गया था। पुलिस उसके ठीक होने का इंतजार कर रही थी। लेकिन पिता ने हार नहीं मानी उसने प्रत्येक जगहों पर अपने बेटे के लापता और मामले की छानबीन संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए थे इसी के तहत दोबारा खुदाई की गई।

# भिलाई में ट्रक की चपेट में आई महिलाएं, ट्रक सहित चालक गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई के चन्द्रा मौर्या टॉकिज (चौहान स्टेट) के पास एक बड़ी घटना घटित हुई है। एक ट्रक जो रिवर्स ले रहा था उसमें दो महिलाएं इस एक्सीडेंट की शिकार हो गई है। वहीं एक महिला के ऊपर ट्रक चढ़ गई जिससे एक महिला के दोनों पैर बूरी तरह से कुचल गया है और उनकी एक्टीवा गाड़ी भी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई है।

उल्लेखनीय है कि आज शाम लगभग 6 बजे एक ट्रक रिवर्स लेने के दौरान एक्टीवा में सवार दो महिलाओं को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक महिला का पैर



बुरी तरह कुचल गई है। वहीं दूसरी महिला ठीक है। लेकिन उनकी एक्टीवा गाड़ी चकनाचूर हो गई है। इसी दौरान ट्रक (क्रमांक-सीजी-07 जेडसी-3689) ने एक अन्य गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया वह भी चकनाचूर हो गई। वहीं घटना के थोड़ी देर बाद में पुलिस भी मौके पर पहुंची और व्यवस्था को संभाला और घायलों को अस्पताल लेकर गई। ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं ट्रक चालक दुर्घटना के बाद गाड़ी सहित भागने की फिराक में था लेकिन लोगों की सर्तकता से गाड़ी सहित पकड़ा गया। वहीं व्यापारियों का इस घटना को लेकर काफी रोष व्याप्त है। अगर व्यवस्था ठीक नही हुई तो चक्काजाम करने की चेतावनी भी दी है। उनका कहना है कि वर्तमान में फोरलेन का काम चल रहा है। इस वजह से उहापोह की स्थिति बनी रहती है। हांलाकि प्लाई ओवर को खोल दिया गया है इसलिए ट्रैफिक लोड थोड़ा कम है लेकिन यहां प्रशासन की ओर से कम से कम एक-दो ट्रैफिक जवानों की ड्यूटी लगानी चाहिए।


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

# छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के 8 सदस्यों द्वारा नेत्रदान की घोषणा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के सदस्यों ने पूरे प्रदेश में नेत्रदान हेतु जन जागरूकता अभियान का आगाज़ करते हुए संगठन के सदस्यों प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी के नेतृत्व में मधु सोमानी,ममता मूंदड़ा, उर्मिला टावरी,नीतू गाँधी,लता मंत्री,आभा लाहोटी, प्रीति लाहोटी, कुल 8 सदस्यों ने आज नेहरू नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में अपने नेत्रदान की घोषणा कर घोषणा पत्र नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,मुकेश राठी,हरमन दुलई,रितेश जैन,दयाराम भाई टांक,सुरेश जैन को सौंपा। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला संगठन की नंदा भट्टड़,आभा राठी,उमा राठी,शारदा कोठारी,सुनीता




माहेश्वरी,अंजलि लखोटिया, उपस्थित रहे व् नेत्रदाताओं का उत्साह बढ़ाया। माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्षा शशि गट्टानी ने नेत्रदान की घोषणा की व् कहा अब हमारा महिला संगठन पूरे प्रदेश के सभी जिलों में नेत्रदान हेतु जागरूकता अभियान चलाएगा इसकी शुरुवात आज हमने स्वयं से की है ताकि हम और लोगों को नेत्रदान हेतु प्रेरित कर सकें।

नवदृष्टि फाउंडेशन के मुकेश राठी ने उपस्थित सभी सदस्यों को नेत्रदान से जुडी जानकारियां दी व नेत्रदान से जुडी भ्रांतियों का विस्तार से निराकरण किया व कहा जब भी माहेश्वरी महिला संगठन को नेत्रदान संबंधी सहायता की जरुरत होगी हमारी संस्था के सदस्य उपलब्ध रहेंगे। जिला अध्यक्ष ममता मूंदड़ा एव आभा राठी ने नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया व कहा हमारा संगठन आने वाले समय में नवदृष्टि फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य करेंगे व संस्था के सदस्यों के अनुभव का लाभ ले कर लोगों को नेत्रदान हेतु जागरूक करेंगे। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,किरण भंडारी, रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन, पियूष मालवीय,विकास जायसवाल, मुकेश राठी, प्रमोद बाघ ,सपन जैन ,मोहित अग्रवाल , अभिजीत पारख,सूरज साहू ,चेतन जैन ,दयाराम भाई टांक ने माहेश्वरी महिला संगठन के सदस्यों के प्रयसों की सराहना की व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## खास - खबर

### भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा हाल ही में आदर्श इस्पात ग्राम जोरातराई में सफ्लतापूर्वक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा निरंतर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया जाता है जो सामाजिक, पर्यावरण, खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर किया जाता है। इसी कड़ी में ग्राम जोरातराई में स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ जिसमें 32 मरीजों की जांच करके उनको उचित सलाह के साथ दवाइयों का वितरण किया गया। जिसमे 9 पुरुष, 11 महिलाएं और बच्चों की संख्या 12 रही। ग्रामवासियों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और भिलाई इस्पात संयंत्र का धन्यवाद दिया। इस आयोजन में मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि, ग्राम के प्रधानाध्यापक एवं सीएसआर मेडिकल टीम से डॉ श्रीमती एन मिंज, फार्मेसिस्ट गौर, ब्लड व बीपी परीक्षण के लिए श्रीमती रेखा देव, पंजीयन कार्य हेतु शम्भू और सीएसआर विभाग के सोनी उपस्थित रहे।

### फॉर द गुड रीजन फॉउण्डेशन सोसायटी से जुडकर हूनरमंद बन रहे ग्रामीण

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की सोच के अनूरूप ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हूनरमंद बनाने के लिए सामाजिक संस्था फॅार द गुड रीजन फउण्डेशन सोसायटी ने पहल की है। संस्था द्वारा दुर्ग जिले के ग्राम खपरी के महिला भवन में नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण आरंभ किया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र छात्राएं और महिला पुरूष भी हूनरमंद बनकर समाज में आगे बढे और अपना भविष्य संवार सके। ग्राम खपरी में आरंभ हुए इस नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर में वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 50 छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में 20 महिलाएं भी शामिल हो रही है। जिन्हें संस्था के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह से संस्था के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई कढाई प्रशिक्षण शिविर भी आरंभ किया गया है जहां पर 30 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। संस्था के संस्थापक सांई राम प्रकाश ने बताया कि संस्था का उददेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालो को हूनरमंद बनाने के साथ साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का है। उनहोने बताया कि संस्था द्वारा वर्तमान में नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण और सिलाई कढाई प्रशिक्षण शिविर आरंभ किया गया है जिसका बेहतर प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। इसी तरह से भविष्य में ग्रामीणों को आगे बढाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### कैसे करें बेरोजगारी भत्ता के लिए आवेदन, आसान है प्रक्रिया

**भिलाई।** बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं बहुत ही आसान है घर बैठे भी अपने मोबाइल से बेरोजगारी भत्ता के लिए में आवेदन किया जा सकता है। पात्र हितग्राहियों को 2500 रुपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता प्राप्त होगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बेरोजगारों को उनकी आर्थिक मदद करने के लिए यह योजना लाई गई है। 1 अप्रैल से इस योजना का लाभ लोगों को मिल रहा है। बेरोजगारी भत्ता की पात्रता की बात करें तो छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना इसके लिए आवश्यक है, 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए, 1 अप्रैल को 12वीं या उससे उच्च योग्यता में 2 वर्ष पुराना जीवित रोजगार पंजीयन होना चाहिए, स्वयं के आय का कोई स्रोत नहीं होना चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय रुपए 250000 से अधिक नहीं होनी चाहिए, एक परिवार से एक ही सदस्य पात्र होंगे, एक से अधिक सदस्य पात्र होने पर पात्रता का क्रम अधिक आयु, पहले रोजगार पंजीयन, उच्च शैक्षणिक योग्यता के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन वेबसाइट पर आवेदन करना होगा, इसके लिए आधार कार्ड भी जरूरी है। डीपीटी के लिए बैंक खाता की जानकारी आवश्यक है। दस्तावेज अपलोड करने के लिए जीवित रोजगार पंजीयन कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की मार्कशीट, आय प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, नवीनतम कलर फोटो की भी आवश्यकता होगी।

# जनता से संपर्क एवं चर्चा ही विकास की रूपरेखा तय करती है : देवेन्द्र यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर निगम भिलाई के सबसे युवा महापौर रह चुके भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब से विधायक बने है। तब से वे लगातार जनता से जूड़े है। कभी संकल्प यात्रा तो कभी भिलाई के गोठ कभी चाय पर चर्चा जैसे कई कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जनता से मिल रहे है। लोगों के घर-घर जाकर लोगों से मिलते है। उनका हालचाल पूछते है। उनकी समस्याओं को जानते है और उसका निदान करते है।



इसी कड़ी में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव वर्तमान समय में लगातार भेंट मुलाकात कार्यक्रम कर रहे है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत विधायक देवेंद्र यादव सुबह से रात तक वार्ड में ही लोगों से मिल रहे हैं। लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं। शहर के विकास से लेकर लोगों की समस्याओं पर चर्चा की जा रही है और मौके पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है। सुबह के चाय से लेकर रात का भोजन भी वार्ड ही में कर रहे हैं। भिलाई नगर विधायक श्री यादव बुधवार को सुबह सेक्टर 6 पहुंचे। जहां एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी रहे। सेक्टर 6 के विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए विधायक श्री यादव हर घर गए। वार्ड के चौक चौराहों में बैठक किए। लोगों से साथ मिले और विकास कार्यों की जानकारी ली। इसी प्रकार शाम को वे खुर्सीपार क्षेत्र में जनसंपर्क किए। लोगों से मिले। सघन जनसंपर्क किए। सुबह से शुरू होने वाला सघन जनसंपर्क रात तक चल रहा है। इस दौरान विधायक लोगों के यहां कार्यकर्ताओं के घर में चाय नाश्ता से लेकर भोजन भी कर रहे हैं। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब सुभाष नगर पहुंचे तो उन्होंने लोगों से भेंट मुलाकात किए। इस दौरान लोगों ने मांग की कि खेल मैदान बनाया जाए। इसके लिए विधायक ने बताया कि जनता की मांग पर जल्द ही यहां खेल मैदान बनाया जाएगा। जनता ने जो मांग की है, उसे लेकर उन्होंने निर्देश दे दिया है और जल्द काम भी शुरू हो जाएगा। विधायक की घोषणा पर वार्डवासियों ने दिल से धन्यवाद दिया। लोगों ने कहा कि विधायक श्री यादव की पहल से दो डोमशेड का निर्माण किया गया है। इससे क्षेत्र के नागरिकों को काफी सुविधा और लाभ मिल रहा है। धार्मिक आयोजन से लेकर पारिवारिक आयोजन करने में भी सुविधाएं मिल रही है। भिलाई। नगर निगम भिलाई के सबसे युवा महापौर रह चुके भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव जब से विधायक बने है। तब से वे लगातार जनता से जूड़े है। कभी संकल्प यात्रा तो कभी भिलाई के गोठ कभी चाय पर चर्चा जैसे कई कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जनता से मिल रहे है। लोगों के घर-घर जाकर लोगों से मिलते है। उनका हालचाल पूछते है। उनकी समस्याओं को जानते है और उसका निदान करते है। इसी कड़ी में भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव वर्तमान समय में लगातार भेंट मुलाकात कार्यक्रम कर रहे है। भेंट मुलाकात कार्यक्रम के तहत विधायक देवेंद्र यादव सुबह से रात तक वार्ड में ही लोगों से मिल रहे हैं। लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं।

# कुम्हारी मंडल के पूर्व महामंत्री कैलाश सोनकर बने भिलाई जिला भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कुम्हारी।** कुम्हारी मंडल भाजपा के पूर्व महामंत्री सहज सरल हृदय व्यक्ति के धनी मिलनसार कैलाश सोनकर को भिलाई जिला भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। कुम्हारी मंडल भाजपा के पूर्व महामंत्री कैलाश सोनकर सदैव सामाजिक कार्यों में आगे रहें है और पार्टी की गतिविधियों में हमेशा सक्रियता से अपना दायित्व निभाते आए हैं। उनके इसी कर्तत्वनिष्ठा को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं कैलाश सोनकर को भिलाई जिला भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कुम्हारी मंडल एवं भिलाई जिला के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। वहीं बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे, महामंत्री लोकेश साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, पूर्व महामंत्री गोल्डी गोस्वामी, पूर्व जिला सह कोषाध्यक्ष राकेश पांडे, पार्षद विनोद कुमार बंजारे, पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे, योगेश साहू किसान मोर्चा जिला महामंत्री, बुधराम साहू, अवधेश शुक्ला,उमाकांत साहू, मिथिलेश यादव, आशीष शुक्ला, अनुराग गुप्ता, श्रीमती सुनीता कुर्रे उपाध्यक्ष कुम्हारी मंडल, रीता पांडे, गीता निर्मलकर, उमेश ध्रुव, दिनेश पटेल, सुरेंद्र शर्मा, राहुल वर्मा, सुजीत यादव, मनोज पटेल, पुरुषोत्तम मधुकर, पार्षद रागनी निषाद, जितेंद्र ठाकुर, प्रकाश जैन, राम कुमार सोनी, इमरान रिजवी, मुकेश कोठारी, रेशम बंजारे, शोभा मेश्राम, डोमन साहू, आदि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वही कैलाश सोनकर ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से धन्यवाद देते हुए खुशी व्यक्त किए।

# पर्यावरण एवं उद्यानिकी प्रभारी सत्यवती वर्मा ने ली विभागीय समिति के सदस्यों के साथ बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा द्वारा विभागीय समिति की बैठक लेकर उद्यानों का संधारण किये जाने के संबंध में विचार किया गया। प्रस्ताव पर चर्चा किया गया, दुर्ग निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड-15 में आयुर्वेदिक हॉस्पिटल के सामने स्थित गार्डन,वार्ड-18 में चपरासी प्लॉट के पास गार्डन,वार्ड-51 बोरसी में शिवपारा स्थित गार्डन एवं वार्ड 56 बघेरा में एसटीएफकालोनी स्थित गार्डन का मरम्मत एवं संधारण कार्य किये जाने की अनुशंसा की जाती है। इसके अलावा प्रस्ताव दादा-दादी पार्क में ओपन जिम लगाये जाने पर विचार कर समिति के सभी सदस्यों ने चर्चा के साथ निर्णय लेकर प्रस्ताव को स्वीकृत किया। साथ ही जनसुविधा के लिहाज से दादा-दादी पार्क में ओपन जिम लगाये जाने की अनुशंसा की जाती गई।इसके बाद बैठक में सदस्यों ने लोक-कला मार्ग में नल कनेक्शन लगाने के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया।अन्य प्रस्ताव पर चर्चा किया




गया। लोक-कला मार्ग में स्थित पौधों के संरक्षण के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था हेतु नल कनेक्शन लगाये जाने की अनुशंसा की जाती हैं।

विभागीय समिति के सदस्यों के साथ बैठक में निर्मला साहू, प्रेमलता साहू, कुमारी साहू,उषा ठाकुर,हेमा शर्मा,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह,पुषोतम साहू आदि मौजूद रहें।

# कचरा फैलाने पर लगेगा जुर्माना, सूखा एवं गीला कचरा देना होगा अलग-अलग, नहीं देने पर जुर्माना लेगा निगम

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम के सभागार में आज निगमायुक्त रोहित व्यास ने स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने बैठक में कहा कि निगम क्षेत्र के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय में साफ-सफाई व्यवस्था सहित आवश्यक सुविधाएं मौजूद हो। शौचालयों में केयरटेकर नियुक्त किए गए हैं।



उनकी उपस्थिति शौचालय में अनिवार्य रूप से होनी चाहिए, अगर केयरटेकर नदारद होंगे या नहीं मिलेंगे तो एजेंसी पर फाइन लगाया जाएगा। निगम क्षेत्र के शौचालयों की मॉनिटरिंग भी अधिकारी करेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के मापदंडों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश बैठक में दिए गए हैं, भिलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की प्रतियोगिता में पहले पायदान पर लाने के लिए निगम ने युद्ध स्तर पर काम करना प्रारंभ कर दिया है।

इसमें लोगों की भागीदारी भी आवश्यक है, इसके लिए नागरिकों को आवश्यक है कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण के दौरान सूखा-कचरा एवं गीला-कचरा सफाई वाहन को अलग-अलग ही प्रदान करें। कचरा को कहीं पर भी न फेंके, आसपास सफाई रखें, निर्माण एवं विध्वंस के मलबे को सड़कों पर बिखेर कर न रखें, निर्माणाधीन बिल्डिंग के कंस्ट्रक्शन वर्क को ग्रीन नेट से कवर करके रखे, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय न करे, नागरिकों को स्वच्छता ऐप डाउनलोड करना चाहिए और आसपास गंदगी दिखने पर इसके माध्यम से शिकायत करनी चाहिए। स्वच्छता एप हर किसी को डाउनलोड किया जाना चाहिए, ताकि गंदगी नजर आने पर एप के माध्यम से शिकायत की जा सके। स्वच्छता एप प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। बैठक स्टार रेटिंग पर भी बात की गई, भिलाई अभी 3 स्टार रेटिंग में शामिल है। भिलाई निगम शुरू से ही खुले से शौच मुक्त रहा है, ओडीएफ प्लस प्लस का खिताब भिलाई ने हर बार लिया है। सामुदायिक, सर्वजनिक एवं निजी शौचालय के निर्मित होने से खुले से शौच मुक्त होने में काफी मदद मिली है। आज की बैठक में प्रमुख रूप से स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी मनोज सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, आरपी तिवारी, महेश पांडे एवं वीके सैमुअल तथा शौचालय एवं सफाई एजेंसी आदि मौजूद रहे।

**विधायक ने महापौर व आयुक्त के साथ शिवनाथ पहुँचे,निरीक्षण कर कार्य को जल्द प्रारंभ करने की बात कही**

# 11 करोड़ से बनेगा शिवनाथ रिवर फ्रंट, नागरिक अब प्रकृति की खूबसूरती का ले सकेंगे आनंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत शिवनाथ नदी निकट नदी की सुंदरता का लुत्फशहर के नागरिक रिवर फ्रंट के माध्यम से ले सकेंगे। शिवनाथ नदी के आसपास रिवर फ्रंट स्थापित होगा। इसके लिए आज विधायक अरुण वोरा ने महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चंद्राकर के अलावा विभागीय अधिकारियों के साथ जमीन चिन्हांकित करने पहुंचे। उन्होंने शिवनाथनदी किनारे जगह देखी।



उन्होंने रिवर फ्रंट के संबंध में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से चर्चा की। रिवर फ्रंट के किनारे की पिचिंग के साथ वाली रिक्त जमीन को विकसित करते हुए रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। इसमें खूबसूरत गार्डन के साथ हरियर गार्डन होगी, बच्चों के लिए प्ले जोन भी होगा और चौपाटी भी होगी। रिवर फ्रंट 11 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। विधायक ने कहा कि इसके साथ ही मंदिर के पास से 400 मीटर के भीतर कैफ्रेटएरिया चौपाटी,पार्किंग लाइटिंग की व्यवस्था बेहतर रखनी होगी।बच्चों के लिए प्ले जोन बड़ा होगा ताकि शहर के लोग पूरे परिवार के साथ इस मनोरंजन स्थल का लुत्फ उठा सकेंगे।विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि नदी का नजारा खूबसूरत है। इसकी सुंदरता को रिवर फ्रंट बनने से और भी खूबसूरत लगेगा। उन्होंने कहा कि शाम के समय लाइटिंग के साथ नदी का नजारा बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि रिवर फ्रंट की लंबाई काफी होगी और इसके लिए अलग-अलग तरह से लैंडस्केपिंग का प्लान बनाए ताकि लोग शाम के समय वाक कर पाएं और नदी की खूबसूरती को देख सके।साथ ही रिवर फ्रंट के लैंडस्केप को देखते रह जाये।रिवर फ्रंट के तैयार हो जाने के बाद शिवनाथ नदी का लैंडस्केप शहर के दोनों एरिया में काफी खूबसूरत हो जाएगा। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि रिवर फ्रंट के प्रोजेक्ट में ग्रीनरी हरियर पर विशेष फोकस करें। इसके लिए अलग अलग प्रकार के सुंदर पौधों का चयन किया जाएगा। शाम के समय अधिक संख्या में लोग यहां पहुंचेंगे तो लाइटिंग की व्यवस्था भी शानदार तरीके से होगी। निरीक्षण के दौरान मौके पर एल्डरमेन राजेश शर्मा,देवसिन्हा,कार्यपालन अभियंता राजेश पांडेय,एसडी शर्मा, सहायक अभियंता संजय ठाकुर,राजकुमार पाली सहित आदि मौजूद रहें।

# सेन समाज ने धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई संत सेन जी महाराज की जयंती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सेन समाज सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में अध्यक्ष रिकेश सेन द्वारा संत सेन जी महाराज की जयंती सेन परिसर नेहरू नगर में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर सेन समाज द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में सेन समाज के लोग शामिल हुए यह शोभायात्रा संत सेन महाराज की तैलचित्र के साथ नेहरू नगर से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक भ्रमण कर सेन परिसर पहुंची जहां सेन जी महाराज की पूजा आरती करने के बाद शोभा यात्रा का समापन किया।

जिसके उपरांत उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के केशशिल्प कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन,विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष भरत वर्मा,भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष द्वय जितेंद्र वर्मा, ब्रजेश ब्रिजपुरिया,सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन,भिलाई कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष तुलसी साहू उपस्थित हुए।मुख्य अतिथि नंद कुमार सेन ने उद्बोधन में सेन समाज के प्रथम प्रांताध्यक्ष स्व. सुरेश कुमार उमरे को नमन करते हुए कहा कि सर्वसमाज को जोड़ने में सेन समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।सामाजिक विकास के क्रम में ऐतिहासिक रूप से सेन समाज के लोगों ने अपने प्रति जो विश्वास अर्जित किया है वह समाज की बड़ी धरोहर है,समाज ने सत्य,अहिंसा, सामाजिक समरसता, सद्भाव और सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।सेन समाज ने सदैव परिवार और समाज को जोड़ने का काम किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950